- 6 राज्य
- 2 केंद्रशासित प्रदेश
- 22 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 22 | अंक 193 | पृष्ठ : 16
मूल्य : साढ़े तीन रुपये


# अमर उजाला


नई दिल्ली
सोमवार, 21 अक्तूबर 2024
कार्तिक कृष्ण-पंचमी
विक्रम संवत-2081


क्रिकेट **36 साल बाद घर में न्यूजीलैंड से टेस्ट हारा भारत...**स्पोर्ट्स

दिल्ली-एनसीआर




## भारत के पास पलटवार करने की क्षमता : लाथम



*बंगलूरू। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने अपनी टीम को याद दिलाया कि पहला मैच जीतने के बाद जश्न के बीच दूसरे टेस्ट पर अपना ध्यान नहीं भटकने दें। उन्होंने कहा कि भारत के पास जवाबी हमला करने की ताकत है जो दूसरे टेस्ट में कर सकते हैं। लाथम ने कहा, 36 साल बाद हमने भारत में जीत हासिल की है। टीम के लिए गर्व का क्षण है। यह भारत के खिलाफ (दूसरे टेस्ट में) एक चुनौती होगी, जो वापसी कर सकते हैं। एजेंसी*

# न्यूजीलैंड का दिन...द. अफ्रीका को हराकर पहली बार बना महिला टी-20 विश्व चैंपियन

## केर के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत फाइनल में 32 रन से मिली जीत

**दुबई।** न्यूजीलैंड पहली बार महिला टी-20 विश्व चैंपियन बन गया। प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज एमेलिया केर (43 रन, 3/24) के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 32 रन से हराकर खिताब जीत लिया। द. अफ्रीका को लगातार दूसरे फाइनल में हार मिली।

**43** रन बनाए एमेलिया केर ने फाइनल में और 24 रन पर तीन विकेट भी लिए

**डबल धमाका :** रविवार न्यूजीलैंड का दिन रहा। महिला टीम के विश्व चैंपियन बनने से पहले उसकी पुरुष टीम ने 36 वर्ष बाद भारत को टेस्ट मैच में उसकी धरती पर हराया। 2010 के बाद पहली बार महिला टी-20 विश्वकप के फाइनल में पहुंची न्यूजीलैंड की यह जीत किसी परी कथा से कम नहीं है। विश्वकप में उतरने से पहले यह टीम लगातार 10 टी-20 मैच हारकर आ रही थी, लेकिन उसने पहले ही मैच में भारत को हराया। उसे टूर्नामेंट में सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार मिली। टीम में 37 वर्षीय सूजी बेट्स, 35 वर्षीय कप्तान सोफी डिवाइन, 34 वर्षीय लिया ताहूहू जैसी अनुभवी खिलाड़ी थीं। इन तीनों का भी विश्व चैंपियन बनने का सपना युवा स्पिनर ईडेन कारसन (नौ विकेट) और केर (135 रन और 15 विकेट) जैसी युवाओं ने पूरा किया। न्यूजीलैंड ने केर और ब्रूक हैलीडे (38) की 57 रन की साझेदारी की बदौलत 5 विकेट पर 158 रन बनाए। जवाब में उसने द. अफ्रीका को नौ विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। रोजमेरी मायर ने 25 रन पर तीन विकेट लिए। एजेंसी




मार लिया मैदान...

दुबई में रविवार को महिला टी-20 विश्वकप की विजेता ट्रॉफी के साथ जश्न मनातीं हुई न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम। एजेंसी

### अच्छी शुरुआत के बाद पटरी से उतरा अफ्रीका

लक्ष्य का पीछा करते हुए वॉलवार्ट और तजमीन ब्रिट्स ने पावरप्ले में 47 रन बनाए। छह ओवर के बाद कहानी पलट गई। जोनास ने ब्रिट्स को आउट किया। दोनों ने 47 गेंद में 51 रन की साझेदारी की। केर ने वॉलवार्ट (33) को आउट किया।

**संक्षिप्त स्कोर**

**न्यूजीलैंड :** 5 विकेट पर 158 रन, केर 43, हैलीडे 38, बेट्स 32, मलाबा 2/31, **द. अफ्रीका :** नौ विकेट पर 126 रन, वॉलवार्ट 33, ब्रिट्स 17, ट्राईओन 14, केर 3/24, मायर 3/25.

### न्यूज डायरी

#### चेप्टेगी और ईयायु दिल्ली हाफ मैराथन में चैंपियन बने

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में 10 हजार मीटर का स्वर्ण जीतने वाले और वर्तमान में 5 हजार, 10 हजार मीटर के विश्वकीर्तिमानधारी युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी ने 59.46 मिनट के साथ दिल्ली हाफ मैराथन जीत ली। महिला वर्ग में इथियोपिया की ईयायु ने 1.08.17 घंटे के साथ स्वर्ण जीता। भारतीय वर्ग में सावन ने एक घंटा दो मिनट 46 सेकंड के साथ जीते। महिला वर्ग में लिली 1.18.12 घंटे के साथ विजेता बनीं। एजेंसी

#### चरिथ-निशान की पारियों से श्रीलंका ने विंडीज को हराया

**पल्लेकल।** चरिथ असलंका (77) और निशान मदुशका (69) के बीच 137 रन की साझेदारी से श्रीलंका ने डकवर्थ लुइस प्रणाली से वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया। रुदरफोर्ड के नाबाद 74 रन की मदद से जब विंडीज ने 38.3 ओवरों में चार विकेट पर 185 रन बनाए थे तो बारिश के कारण पारी पर विराम लग गया। श्रीलंका को 37 ओवर में 232 रन का संशोधित लक्ष्य मिला जिसे उसने 31.5 ओवरों में 5 विकेट पर 234 रन बनाकर हासिल कर लिया। एजेंसी

#### रेलवे और इंडियन ऑयल के बीच फाइनल आज

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप का फाइनल रेलवे और इंडियन ऑयल के बीच सोमवार को होगा। पहले सेमीफाइनल में रेलवे ने साई को 4-0 से हराया। नेहा गोयल, सलीमा टेटे, नवनीत कौर और लालरेमसियामी ने गोल किए। दूसरे सेमीफाइनल में इंडियन ऑयल ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को 4-1 से हराया। फाइनल से पहले साई और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के बीच तीसरे स्थान का मुकाबला होगा। एजेंसी

# 36 साल बाद घर में न्यूजीलैंड से टेस्ट हारा भारत

## चमत्कार की आस रही अधूरी...107 रन के लक्ष्य को मेहमानों ने 8 विकेट से साधा

**बंगलूरू।** 107 रन के लक्ष्य का बचाव करने के लिए भारतीय गेंदबाजों से रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ किसी चमत्कार की उम्मीद थी। मेहमान टीम अपने स्कोर में एक भी रन नहीं जोड़ पाई थी, तभी बुमराह ने कप्तान टॉम लाथम को पगबाधा करके टीम इंडिया की उम्मीदें जगा दीं। लेकिन इसके बाद गेंदबाज कोई चमत्कार नहीं दिखा सके और भारत 36 साल बाद न्यूजीलैंड से अपने घर में टेस्ट मैच हार गया।

**134** और 39* रन बनाने वाले रचिन रविंद्र मैन ऑफ द मैच रहे

न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों कॉन्वे, विल यंग और रचिन रविंद्र ने अपने संयम और अच्छे शॉट चयन का परिचय देते हुए बुमराह के खतरनाक स्पैल और अन्य गेंदबाजों का डटकर सामना कर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। पिछली बार मेहमान टीम ने भारत को 1988 में वानखेड़े स्टेडियम पर 136 रन से पराजित किया था। भारत पहली पारी में 46 पर ढेर हुआ था, जवाब में न्यूजीलैंड ने 402 रन बनाकर 356 की बढ़त हासिल की। भारत ने सरफराज (150) व पंत (99) की मदद से 462 रन बनाए। इससे भारत ने 107 का लक्ष्य दिया जिसे न्यूजीलैंड ने 2 विकेट पर 110 रन बनाकर हासिल कर लिया। विल 48 और रचिन 39 रन पर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने 3 मैचों की शृंखला में 1-0 की बढ़त ली। दूसरा टेस्ट 24 अक्तूबर से पुणे में होगा। एजेंसी




बंगलूरू में रविवार को पहले टेस्ट मैच के दौरान न्यूजीलैंड के बल्लेबाज विल यंग (बाएं) और रचिन रविंद्र। एजेंसी

### देरी से शुरू हुआ मैच

आखिरी दिन गीली आउटफील्ड के कारण मैच एक घंटा विलंब से 10 बजकर 15 मिनट पर शुरू हुआ। नई गेंद संभालते हुए बुमराह ने सटीक लाइन और लेंथ की गेंदबाजी से मेहमान टीम के बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। टॉम लाथम खाता खोले बिना पहले ही ओवर में आउट हो गए।

### बुमराह के सामने असहज दिख रहे थे कॉन्वे

कॉन्वे भी बुमराह के सामने असहज दिख रहे थे और 17 रन बनाकर पगबाधा आउट हो गए। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय दो विकेट पर 35 रन था, इसके बाद यंग और रविंद्र संभलकर खेले। आसमान साफ होने के बाद न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। दोनों बल्लेबाजों ने ढीली गेंदों को सीमा रेखा के पार भेजा। पहली पारी में शतक लगाने वाले रचिन रविंद्र ने कुलदीप के खिलाफ छक्का भी लगाया।

### *टेस्ट तालिका में भारत शीर्ष पर बरकरार जीत से न्यूजीलैंड को मिला चौथा स्थान*

*भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में शीर्ष पर कायम है। भारत का प्रतिशत गिरकर 68.06 हो गया और अब उसे आगामी दो टेस्ट तथा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों में अच्छा करना होगा। तालिका में ऑस्ट्रेलिया 62.50 प्रतिशत के साथ दूसरे और श्रीलंका 55.56 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड इस जीत के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया।*

### *वाशिंगटन सुंदर टीम में*

*शेष दो मैचों के लिए वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है। वहीं, गले की जकड़न से उबरने के बाद शुभमन की दूसरे टेस्ट में वापसी तय लग रही है, लेकिन सरफराज को अब अनदेखा नहीं किया जा सकता। अब यह भी देखना होगा कि दूसरे टेस्ट में भारत 3 तेज गेंदबाजों के साथ उतरता है या 3 स्पिनर।*

### भारत के हार के कारण

- टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला पड़ा भारी, 46 रन पर ढेर।
- न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र का तोड़ नहीं निकाल पाई भारतीय गेंदबाजी।
- खुद सस्ते में सिमटने के बाद मेहमान टीम को 400 का स्कोर बनाने दिया।
- सरफराज और पंत के आउट होने के बाद कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो पाई।
- बुमराह ने दूसरी पारी में निकाले विकेट, पर अन्य का साथ नहीं मिला।
- भारत को तीसरे तेज गेंदबाज की कमी महसूस हुई, आकाशदीप को नहीं लिया।
- कुलदीप दूसरी पारी में अच्छा नहीं कर पाए और 3 ओवर में 26 रन दिए।

**75** रन की अटूट साझेदारी तीसरे विकेट के लिए यंग और रचिन ने की

- 2005 में भारत को बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में टेस्ट में हार मिली थी।

**न्यूजीलैंड की भारत में 37 टेस्ट खेलकर तीसरी जीत**

| जीत | जगह | वर्ष |
|---|---|---|
| 167 रन | नागपुर | 1969 |
| 136 रन | वानखेड़े | 1988 |
| 8 विकेट | बंगलूरू | 2024 |

- 2013 के बाद भारत में टेस्ट मैच जीतने वाली न्यूजीलैंड तीसरी टीम बनी। इससे पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज की थी।
- वर्ष 2000 के बाद यह पहला मौका है जब किसी मेहमान टीम ने भारत में चौथी पारी में 100+ रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी : 46 रन, 31.2 ओवरों में**
**न्यूजीलैंड पहली पारी : 402 रन, 91.3 ओवर**
**भारत दूसरी पारी : 462 रन, 99.3 ओवर**
**न्यूजीलैंड दूसरी पारी : 2 विकेट पर 110, 27.4 ओवर**


| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| लाथम पगबाधा बो बुमराह | 00 | 06 | 0/0 |
| कॉन्वे पगबाधा बो बुमराह | 17 | 39 | 3/0 |
| विल यंग नाबाद | 48 | 76 | 7/1 |
| रचिन रविंद्र नाबाद | 39 | 46 | 6/0 |

**अतिरिक्त :** 06, **विकेट पतन :** 1-0, 2-35.

**गेंदबाजी :** जसप्रीत बुमराह 8-1-29-2, मोहम्मद सिराज 7-3-16-0, रविंद्र जडेजा 7.4-1-28-0, कुलदीप यादव 3-0-26-0, रविचंद्रन अश्विन 2-0-6-0.

### एक मैच से अपना आक्रामक रवैया नहीं बदलेंगे : रोहित

कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि भारत सिर्फ एक हार के बाद टेस्ट क्रिकेट के प्रति अपना नया आक्रामक रवैया नहीं बदलेगा। रोहित ने कहा, हम एक मैच या एक शृंखला के आधार पर अपनी मानसिकता नहीं बदलते हैं। हम टेस्ट मैच हारने के डर से अपनी मानसिकता नहीं बदलने जा रहे हैं। यह अपनी कोशिश जारी रखने के साथ प्रतिद्वंद्वी टीम को यह संदेश दे रहे हैं कि हम दबाव में या मैच में पिछड़ नहीं रहे हैं।



- रोहित ने कहा, इस मैच को भुलाकर आगे बढ़ेंगे। हमने इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच गंवाने के बाद 4 जीते हैं। मैंने यह नहीं सोचा था कि टीम 46 रन पर आउट हो जाएगी।

## ढुल के शतक के बावजूद दिल्ली का संघर्ष जारी

**नई दिल्ली।** यश ढुल (103*) के नाबाद शतक के बावजूद दिल्ली की टीम रणजी ट्रॉफी मैच के तीसरे दिन पहली पारी में आठ विकेट पर 264 रन बनाकर संघर्ष कर रही है।

**रणजी ट्रॉफी**

दिल्ली पहली पारी में तमिलनाडु से 410 रन पीछे है। तमिलनाडु ने पहली पारी में छह विकेट पर 674 रन बनाए। ढुल के अलावा विकेटकीपर प्रणव राजवंशी ने 40 रन बनाए जबकि सनत सांगवान (36) और हर्ष त्यागी (35) ने पहले विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी की। एजेंसी

### ऋतुराज की शतकीय पारी के बावजूद महाराष्ट्र संकट में

**मुंबई।** ऋतुराज गायकवाड़ (145) और अंकित बावने (101) की पारियों के बावजूद महाराष्ट्र की टीम पर मुंबई के खिलाफ हार का संकट गहरा गया है। मुंबई को जीत के लिए 74 रन का लक्ष्य मिला है और उसने बिना विकेट खोए 13 रन बना लिए हैं। एजेंसी



## जोहोर कप हॉकी में भारत ने ब्रिटेन को 6-4 से दी शिकस्त

**जोहोर बाहरू।** दिलराज सिंह और शारदा नंद तिवारी के दो-दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराकर सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज की।

इससे पहले भारत ने जापान को हराया था। कोनैन (7वें मिनट) ने भारत का खाता खोला था। दिलराज (17वें, 50वें मिनट), शारदा नंद (20वें, 50वें मिनट) और मनमीत (26वें मिनट) ने अन्य गोल किए। ब्रिटेन के लिए पेनरोज (दूसरे, 15वें मिनट) और रॉयडेन (46वें, 59वें मिनट) ने गोल किए। एजेंसी

**टेनिस** सिनर ने अल्कारेज को हराकर जीता सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टूर्नामेंट

## अंतिम भिड़ंत में जोकोविच से पार नहीं पा सके नडाल

**रियाद (सऊदी अरब)।** यानिक सिनर ने सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टूर्नामेंट के फाइनल में कार्लोस अल्कारेज को 6-3, 6-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने स्पेन के राफेल नडाल को 6-2, 7-6 से पराजित किया।

**31-29** जीत-हार का रिकॉर्ड है जोकोविच का नडाल के खिलाफ

नडाल और जोकोविच के बीच वर्षों चली टेनिस प्रतिद्वंद्विता का यह अंतिम मैच माना जा रहा है। जोकोविच और नडाल के नाम कुल 46 एकल ग्रैंडस्लैम खिताब है। बाइस ग्रैंडस्लैम जीत चुके नडाल अगले महीने डेविस कप के बाद खेल को अलविदा कह देंगे। एजेंसी



मैच के बाद जोकोविच और राफेल नडाल। एजेंसी

### विजेता सिनर ने जीती 50 करोड़ रुपये की इनामी राशि

इटली के सिनर और स्पेन के अल्कारेज के बीच खिताबी मुकाबला हुआ। सत्र में चारों ग्रैंडस्लैम इन दोनों खिलाड़ियों ने बांटे है। इस सत्र में सिनर को इससे पहले तीन मैचों में अल्कारेज से हार मिली थी लेकिन यहां सिनर ने जीत हासिल की और 60 लाख डॉलर (पचास करोड़, 37 लाख रुपये लगभग) राशि अपने नाम की। इस टूर्नामेंट में इनामी राशि मिलती है लेकिन रैंकिंग अंक नहीं दिए जाते।




- जोकोविच ने कहा, नडाल से अंतिम भिड़ंत कभावनात्मक रही। मैं हमेशा इस प्रतिद्वंद्विता को लेकर अच्छा महसूस करूंगा। नडाल टेनिस को आपकी कमी खलेगी।


**अमर उजाला**

संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी
नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी

अमर उजाला लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मृत्युंजय कुमार सिंह द्वारा अमर उजाला लिमिटेड 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित व इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग & पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर- 59, नोएडा-201301 से मुद्रित।

संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली

फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/09919


# बिंदास

ENTERTAINMENT **PROMOTIONAL** FEATURE

**फिल्म 'सीरियस मेन', 'नजरबंद' और 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में अपनी अभिनय क्षमता की दमदार झलकियां दिखाने वाली राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की स्नातक इंदिरा तिवारी की फिल्म 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' ने तकदीर बदल दी है।**

## 'बस्तर' गर्ल इंदिरा तिवारी की इंटरनेशनल छलांग

**पंकज शुक्ल**

**खास खबर**

**फिल्म** 'सीरियस मेन', 'नजरबंद' और 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में अपनी अभिनय क्षमता की दमदार झलकियां दिखाने वाली राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की स्नातक इंदिरा तिवारी की फिल्म 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' ने तकदीर बदल दी है। इस फिल्म के बाद से वह 'बस्तर गर्ल' के नाम से भी मशहूर हो चुकी। इस फिल्म से न सिर्फ उन्हें व्यापक अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली बल्कि अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में उनकी बोहनी भी हो गई है। इंदिरा ने हाल ही में अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय फिल्म 'टर्टल्स गेज ऑन स्पाइंग स्टार्स' की शूटिंग श्रीलंका में पूरी की है। फिल्म के निर्देशक हैं विमुक्ति जयसुंदरा, जिनकी धमक कान फिल्म फेस्टिवल तक हो चुकी है।

श्रीलंकाई निर्देशक विमुक्ति जयसुंदरा ने इंदिरा को जब अपनी इस नई फिल्म की लीड एक्टर बनाने का फैसला किया तो



इंदिरा को ये जानकर पहले तो यकीन ही नहीं हुआ। इंदिरा बताती हैं, 'मैं भोपाल में पढ़ी बढ़ी अभिनेत्री हूं। मुंबई संयोग से आई। यहां संजय लीला भंसाली सर से भी संयोग से ही मिली। सुधीर मिश्रा जैसे प्रतिभावान निर्देशक संग संयोग से ही काम मिला और अमिताभ बच्चन सर की दिवाली पार्टी में शाहरुख खान से भी संयोग से ही मिली। और, मेरी पहली इंटरनेशनल फिल्म भी संयोग का ही अगला पड़ाव है।'

### विमुक्ति जयसुंदरा की फिल्म का अगले साल कान में प्रीमियर

इंदिरा को हिंदी सिनेमा में भाव प्रकटन की उस्ताद अभिनेत्री माना जाता है। और, अपने चेहरे से अपने किरदार की रूह दिखा देने वाली इंदिरा को विमुक्ति जयसुंदरा की फिल्म मिली भी अपनी इसी काबिलियत के बूते। इंदिरा कहती हैं, 'विमुक्ति से मेरी पहली बातचीत बहुत अटपटी रही। मुझे अंग्रेजी बहुत अच्छे से नहीं आती है तो जैसी भी अंग्रेजी मुझे आती थी, मैंने इसमें विमुक्ति से बातचीत की कोशिश की, लेकिन मेरा मानना है कि सिनेमा की अपनी अलग भाषा है, और वह उन्होंने समझ ली।' 'टर्टल्स गेज ऑन स्पाइंग स्टार्स' का प्रीमियर अगले साल कान फिल्म फेस्टिवल में होना है। ये कहानी भविष्य की है जब तकनीक पर जरूरत से ज्यादा भरोसा इंसानियत के लिए बीमारी बन चुका है।

## 'पद्मश्री' एकता पर पॉक्सो का मामला

सर्वोच्च न्यायालय ने मद्रास हाईकोर्ट के एक फैसले को पलटते हुए जब से ये स्पष्ट कर दिया है कि नाबालिग बच्चों के यौन संबंधी वीडियो बनाना, प्रकाशित करना, इन्हें देखना और इन्हें डाउनलोड करना, सब अपराध की श्रेणी में आता है, अपनी सेमी पॉर्न फिल्मों व सीरीज के लिए चर्चा में रहने वाली निर्माता एकता कपूर की मुश्किलें बढ़ गई हैं।



एकता कपूर को साल 2020 में पद्मश्री पुरस्कार मिला और ये उन्हीं दिनों की बात भी है जब उनके ओटीटी एप ऑल्ट बालाजी पर दनादन सेमी पॉर्न सामग्री प्रसारित हो रही थी। उनके व उनकी मां शोभा कपूर के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुंबई में मुकदमा दर्ज हुआ है। ये मुकदमा वेब सीरीज 'गंदी बात' के छठे सीजन में नाबालिग लड़कियों के आपत्तिजनक सीन दिखाने का है। इस एप को एकता कपूर पहले ही बेच चुकी हैं और इसकी अधिकतर आपत्तिजनक सामग्री भी अब भारत में प्रसारण के लिए उपलब्ध नहीं है।


अमिताभ बच्चन को सुपरस्टार बनाने में उन फिल्मों का सबसे बड़ा हाथ है जिनमें वह उस समय के दूसरे बड़े कलाकारों के साथ नजर आए। उनका जिक्र आज इसलिए क्योंकि उनकी मल्टीस्टारर फिल्मों में एक भी नाम फिरोज खान के साथ बनी फिल्म का नहीं है।

## यूं 'दयावान' बनते बनते रह गए बिग बी

**बाइस्कोप**

**फिल्म** 'दयावान' आज ही के दिन 1988 में रिलीज हुई। कमल हासन को मणिरत्नम ने एक तमिल फिल्म में 'नायकन' बनाया था। ये उसी की रीमेक है। कहानी दो दोस्तों की है। शक्ति वेलु और शंकर, दोनों अनाथ हैं। झोपड़पट्टी में उन्हें करीम बाबा से दुलार मिलता है। बचपन बीतता है। जवानी आती है। करीम बाबा की पुलिस हिरासत में मौत होने का समाचार मिलने पर शक्ति वेलु इसके लिए जिम्मेदार पुलिस अफसर को सरेआम मार देता है। कोई उसके खिलाफ गवाही देने नहीं आता। और, वह डॉन बन जाता है।

फिरोज खान का बड़ा मन था कि इस फिल्म में एक बार फिर अमिताभ बच्चन डॉन का किरदार करें और वह उनके खास दोस्त का किरदार निभाएं। अमिताभ तैयार भी हो गए थे लेकिन तभी विनोद खन्ना ओशो का आश्रम छोड़कर लौट आए। फिरोज खान को फिल्म 'कुर्बानी' में विनोद खन्ना ने आखिरी वक्त में काम करने के लिए हां करके परेशानी से




बचाया था। विनोद ने उनसे काम मांगा तो दोस्ती का फर्ज निभाने को वह 'दयावान' में इन हुए और अमिताभ बच्चन आउट हो गए। 'दयावान' की माधुरी दीक्षित और विनोद खन्ना पर फिल्माए गए अंतरंग दृश्यों को लेकर खूब चर्चा होती है। माधुरी ने 'दयावान' में काम करने के बाद विनोद के बेटे अक्षय खन्ना की हीरोइन के तौर पर भी फिल्म 'मोहब्बत' में काम किया है। फिरोज खान ने जब अमिताभ बच्चन को फिल्म मे लीड रोल देने की पेशकश की थी तो उनके साथ हीरोइन के लिए बोनी कपूर ने श्रीदेवी के नाम की पैरवी की थी।


लेटेस्ट वीडियो, फोटो और खबरों के लिए क्लिक करें amarujala.com/entertainment

- 6 राज्य
- 2 केंद्रशासित प्रदेश
- 22 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 22 | अंक 193 | पृष्ठ : 16
मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
सोमवार, 21 अक्तूबर 2024
कार्तिक कृष्ण-पंचमी
विक्रम संवत-2081


amarujala.com | इंडोनेशिया | प्रबोवो सुबियांतो बने तीसरे सबसे बड़े लोकतंत्र के राष्ट्रपति...13 | दिल्ली-एनसीआर



## न्यूज डायरी


### सीएनजी 4-6 रुपये तक हो सकती है महंगी

नई दिल्ली। सरकार ने खुदरा विक्रेताओं को घरेलू स्तर पर उत्पादित सस्ती प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत की कटौती कर दी है। इससे सीएनजी की कीमत 4-6 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ सकती है। हालांकि, खुदरा विक्रेताओं की सरकार से उत्पाद शुल्क में कटौती के लिए बातचीत चल रही है। ब्यूरो

### अब कर्नाटक में ट्रेन पलटाने की साजिश

मंगलूरू। देश में ट्रेनों को पलटाने की साजिशें थम नहीं रहीं। ताजा मामला कर्नाटक के मंगलूरू में सामने आया है। उल्लाल के पास ट्रैक पर रखे पत्थरों और बजरी से केरल जाने वाली ट्रेन टकरा गई। गनीमत रही कि ट्रेन बेपटरी नहीं हुई। पुलिस ने इसे ट्रेन संचालन में व्यवधान पैदा करने की हरकत बताया है। मामले की जांच जारी है। एजेंसी

### स्वयंसेवकों पर हमले के आरोपियों के घर गिराए



जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में जिला प्रशासन ने एक मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं पर चाकू से हमला करने के आरोपी नसीब चौधरी व उसके बेटे के घर पर बुलडोजर चला दिया। पुलिस ने रविवार को बताया कि नसीब ने करणी विहार स्थित मंदिर परिसर में अवैध कब्जा कर घर बना रखा था। >> पेज 11

### बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवाती तूफान

भुवनेश्वर। बंगाल की खाड़ी के ऊपर 23 अक्तूबर तक चक्रवाती तूफान आने की आशंका जताई गई है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्र इस चक्रवाती तूफान की चपेट में आ सकते हैं। एजेंसी >> पेज 10

# परिवारवाद खत्म करने के लिए राजनीति में एक लाख नौजवानों को लाऊंगा : मोदी

## वाराणसी में प्रधानमंत्री बोले-नई राजनीति की धुरी बनें युवा...यह सियासत को बदलने का अभियान

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि के युवाओं को आगे आकर नई राजनीति की धुरी बनना चाहिए। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से यह अपील की। उन्होंने कहा, वंशवादी राजनीति ने सबसे अधिक युवाओं को ही नुकसान पहुंचाया है। मैं राजनीति में ऐसे एक लाख युवाओं को लाने के लिए प्रतिबद्ध हूं, जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है।

पीएम मोदी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र काशी के सिगरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में देश को 6,700 करोड़ से अधिक की 23 विकास परियोजनाओं की सौगात देने के मौके पर सभा को संबोधित कर रहे थे। पीएम ने कहा, देश परिवारवाद की समस्या के कारण बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। परिवारवादी युवाओं को अवसर देने में भरोसा नहीं रखते। इसलिए मैंने लाल किले से एक लाख ऐसे युवाओं को राजनीति में लाने की अपील की थी, जिनके परिवार का राजनीति से लेना-देना न हो। यह भारत की राजनीति को बदलने, परिवारवाद की सोच और भ्रष्टाचार को खत्म करने का अभियान है।


पीएम मोदी ने यूपी, खासकर वाराणसी के युवाओं से खुले दिमाग से नई राजनीति की धुरी बनने का आग्रह किया। कहा, काशी देश को फिर गति प्रदान करने का गवाह बनने जा रहा है। पहले की सरकारों ने स्वार्थ के कारण वाराणसी के विकास की अवहेलना की। 10 साल पहले काशी विकास के लिए तरस रही थी। जिन्होंने दशकों तक यूपी व केंद्र में शासन किया, उन्होंने वाराणसी की सुध क्यों नहीं ली? जवाब है- परिवार की राजनीति और तुष्टीकरण। सपा हो या कांग्रेस, वाराणसी का विकास कभी उनकी प्राथमिकता नहीं था और न ही भविष्य में होगा। >> एक्सप्रेस-वे से ही यूपी की पहचान : पेज 6



नेत्र अस्पताल के उद्घाटन समारोह में बच्ची को चश्मा पहनाते पीएम मोदी।

*कांची मठ संचालित नेत्र अस्पताल का उद्घाटन...पीएम मोदी ने वाराणसी में कांची कामकोटि पीठ की ओर से संचालित आरजे शंकर नेत्र अस्पताल का उद्घाटन किया। कांची मठ की ओर से देश में यह 14वां अस्पताल है। इससे पूर्वी यूपी के 20 जिलों के अलावा बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के मरीजों को इलाज की सुविधा मलिगी। यहां सालभर में आंखों के 30 हजार मुफ्त ऑपरेशन किए जाएंगे।*

### शंकराचार्य बोले-एनडीए यानी नरेंद्र दामोदरदास का अनुशासन



*कांची कामकोटि के शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती ने कहा, मोदी बेहतरीन काम कर रहे हैं। एनडीए सरकार यानी नरेंद्र दामोदरदास का अनुशासन। शासन का ऐसा मॉडल जो नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा व कल्याण पर केंद्रित है।* >> पेज 6

- पीएम मोदी ने जो सौगातें दीं, उनमें 3,200 करोड़ की 16 परियोजनाएं वाराणसी की हैं। इसमें 380.13 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व 2,874.17 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया।

### घरे आवे क मौका मिलल ह

***पीएम मोदी ने भोजपुरी से संबोधन शुरू किया...** कहा-घरे आवे क मौका मिलल ह। आज चेतगंज में नक्कटैया क मेला भी ह। धनतेरस, दीपावली और छठी मइया क त्योहार आवत ह। आज काशी विकास के पर्व क साक्षी बनत ह। आप सबके बहुत बधाई।*

### दो लक्ष्य...सुविधाएं बढ़ाना व रोजगार

पीएम मोदी ने कहा, मेरे तीसरे कार्यकाल के सिर्फ 125 दिनों में 15 लाख करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की शुरुआत हो गई। हमारे दो मुख्य लक्ष्य हैं, पहला-लोगों के लिए सुविधाएं बढ़ाना और दूसरा रोजगार।

- कहा, आज नए राजमार्ग बन रहे हैं, रेल लाइनें बिछ रही हैं...हवाईअड्डे बन रहे हैं। यह सिर्फ लोहा-पत्थर का काम नहीं है, इनसे युवाओं को रोजगार मिलता है और सुविधाएं बढ़ती हैं।

# कश्मीर में फिर आतंकी हमला...अंधाधुंध फायरिंग कर 6 मजदूरों व डॉक्टर की हत्या

## मृतकों में 5 प्रवासी मजदूर...गांदरबल में सुरंग बनाने वाली कंपनी के शिविर पर हमला

अमर उजाला ब्यूरो

श्रीनगर। गांदरबल में सोनमर्ग के पास गगनगीर इलाके में जेड मोड़ सुरंग निर्माण कर रही कंपनी में काम करने वाले मजदूरों पर रविवार की रात आतंकियों ने हमला कर छह मजदूरों और एक डॉक्टर की हत्या कर दी। कुछ अन्य मजदूर घायल हैं। इनमें पांच प्रवासी मजदूर भी हैं। हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन लश्कर-ए-ताइबा के सहयोगी संगठन द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है।

गगनगीर गुंड इलाके में सुरंग बना रही कंपनी एप्को के कर्मियों के शिविर पर पहुंचकर आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग की। इसमें मौके पर ही दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में एक कश्मीरी डॉक्टर तथा चार अन्य मजदूरों की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतकों की पहचान डॉ. शाहनवाज और मजदूरों फहीम नजीर, कलीम, मोहम्मद हनीफ, शशि अबरोल, अनिल शुक्ला और गुरमीत सिंह के रूप में हुई है। इनमें गुरमीत पंजाब, अनिल मध्य प्रदेश और हनीफ, कलीम व फहीम बिहार के रहने वाले थे।

हमला होते ही कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर पूरे इलाके को घेर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है, ताकि आतंकियों को मार गिराया जा सके। आईजी वीके बिर्दी भी मौके पर हैं।

प्रवासी मजदूरों पर हाल के वर्षों में यह सबसे बड़ा आतंकी हमला है। आतंकियों की संख्या दो बताई जा रही है। यह वारदात शोपियां में बिहार के मजदूर अशोक चौहान के आतंकी हमले में मारे जाने के एक दिन बाद हुई है। हत्या के विरोध में नागरिक समाज तथा कॉलेज के छात्रों ने शनिवार को जुलूस निकालकर शांति की अपील की थी। पिछले तीन दिन में आतंकी हमले में सात मजदूर मारे जा चुके हैं। >> आतंकियों ने कर रखी थी रैकी : पेज 10




**कैंप की सुरक्षा में अतिरिक्त बल तैनात**
वारदात के बाद पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है। प्रवासी मजदूरों के कैंप की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है। वाहनों की तलाशी भी ली जा रही है।

**कायरतापूर्ण हमला, सेना जवाब देगी**
नागरिकों पर आतंकी हमला कायरतापूर्ण घृणित कार्य है। इस जघन्य कृत्य में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्हें हमारे सुरक्षा बल कड़ा जवाब देंगे। मृतक परिवारों के साथ मेरी संवेदना है। -अमित शाह, गृहमंत्री

**हत्या निंदनीय**
निर्दोष मजदूरों पर आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। ये मजदूर अहम बुनियादी ढांचा परियोजना में काम कर रहे थे। -नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग व सड़क परिवहन मंत्री

**दो दिन पहले शुक्रवार को भी बिहार के मजदूर की शोपियां में गोली मारकर की थी हत्या**

### उमर सरकार के 5 दिन में दूसरा आतंकी हमला

उमर अब्दुल्ला सरकार के शपथ लेने के पांच दिन के भीतर प्रवासी मजदूरों पर यह दूसरा आतंकी हमला है। यह हमला जिस क्षेत्र में हुआ, वह उमर के विधानसभा क्षेत्र गांदरबल में आता है। इस वर्ष गैर कश्मीरियों पर यह पांचवां हमला है।

- हमले ने यहां काम करने वाले 50 हजार से अधिक प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां श्रमिकों में बिहार, यूपी, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पंजाब के लोग ज्यादा हैं।

### दहशत फैलाने की साजिश

- माना जा रहा है कि यह हमले आतंकियों की दहशत फैलाने और फिर पैर जमाने की साजिश का हिस्सा हैं। 2021 में भी इसी तरह प्रवासी मजदूरों पर हमले किए गए थे। 16 व 17 अक्तूबर, 2021 को बिहार और यूपी के 4 मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। **तब कश्मीर से बड़े स्तर पर प्रवासी मजदूरों ने पलायन किया था।**

### निर्दोषों पर हमला बेहद दुखद

गैर-स्थानीय मजदूरों पर कायरतापूर्ण हमला बेहद दुखद है। ये लोग प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना पर काम कर रहे थे। मैं निहत्थे निर्दोष लोगों पर हुए इस हमले की कड़ी निंदा करता हूं। -उमर अब्दुल्ला, सीएम

# दिल्ली में सीआरपीएफ स्कूल के पास धमाका

## आसपास के क्षेत्रों में 10 मिनट तक छाया रहा धुआं गाड़ियों और दुकानों के शीशे टूटे...कोई हताहत नहीं

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के रोहिणी इलाके में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के स्कूल के पास भीषण धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि उसकी आवाज दो किलोमीटर दूर तक सुनी गई और आसपास के क्षेत्रों में 10 मिनट तक धुआं छाया रहा। कई गाड़ियों और दुकानों के शीशे टूट गए। गनीमत रही कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ।

विस्फोट के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) समेत केंद्रीय एजेंसियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आतंकी हमले की आशंका को देखते हुए एनएसजी ने घटनास्थल को अपने कब्जे में ले लिया है। शुरुआती जांच में देसी बम से धमाके की आशंका जताई जा रही है। गृह मंत्रालय ने पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि पुलिस को सुबह 7:47 बजे रोहिणी सेक्टर 14 में प्रशांत विहार में स्कूल के पास धमाके की सूचना मिली थी। रविवार की छुट्टी होने की वजह से बच्चे स्कूल के आसपास नहीं थे। पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है। अन्य इलाकों में भी पुलिस को अलर्ट पर रहने के लिए कहा गया है।

>> 13 साल बाद ब्लास्ट : पेज 2



धमाके के बाद डॉग स्क्वॉड के साथ जांच करती एनएसजी की टीम।

**मौके पर मिला सफेद पाउडर**
पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मौके से सफेद पाउडर व तारनुमा चीज भी मिली है। जांच के बाद पता चलेगा कि धमाका किस प्रकार का था। पुलिस इसके तार खालिस्तान समर्थक आतंकियों से जुड़े होने की भी जांच कर रही है।

### उत्तर प्रदेश में बढ़ाई सतर्कता

दिल्ली में धमाके के बाद उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में भी पुलिस को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली सीमा से लगे जिलों में संदिग्धों की तलाश तेज कर दी गई है।

# धौलपुर : बस व टेंपो की भिड़ंत 9 बच्चों समेत 12 लोगों की मौत

## भात की रस्म से लौट रहे परिवार की खुशियां मातम में बदलीं

धौलपुर। राजस्थान के धौलपुर जिले में बस और टेंपो के बीच टक्कर में नौ बच्चों समेत 12 लोगों की मौत हो गई। भीषण हादसे के शिकार ज्यादातर लोग एक ही परिवार के थे और शनिवार देर रात शादी से जुड़ी भात की रस्म निभाने के बाद घर लौट रहे थे।

बाड़ी कोतवाली थाना प्रभारी शिव लहरी मीणा ने रविवार को बताया कि हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-11बी पर रात करीब 11 बजे हुआ। बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी के नहनू और जहीर के परिवार वाले सरमथुरा थाना इलाके के गांव बरौली में रिश्तेदारी में भात देने गए थे। रात में ये सभी टेंपो से लौट रहे थे। रास्ते में सुनीपुर गांव के नजदीक धौलपुर से करोली की ओर जा रही बस ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिलाधिकारी श्रीनिधि बीटी और एसपी सुमित मेहरडा ने हादसे के शिकार लोगों के परिजनों से मुलाकात की। हादसे में घायल धर्मेंद्र (38) और परवीन (32) को आगरा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संवाद



धौलपुर में रविवार को भीषण हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस और टेंपो। एजेंसी

### पीएम ने हादसे पर जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे को हृदयविदारक बताया है। सभी मृतकों के परिजनों को पीएम राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। वहीं, घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। राजस्थान सरकार भी मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये मुआवजा देगी।

# 25 और उड़ानों में बम होने की धमकी बेलगावी एयरपोर्ट को भी मिला ई-मेल

## नहीं थमा दुस्साहस : इंडिगो, विस्तारा, एअर इंडिया व अकासा के विमान प्रभावित

मुंबई/नई दिल्ली। भारतीय विमानन कंपनियों की उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकियों का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। इस बार इंडिगो, विस्तारा, एअर इंडिया और अकासा एयर की छह-छह उड़ानों में विस्फोट की धमकी दी गई। वहीं, कर्नाटक के बेलगावी एयरपोर्ट को भी धमकी भरा ईमेल मिला। जांच में सभी धमकियां झूठी निकलीं।

रविवार को जिन विमानों को निशाना बनाने की धमकी दी गई, उनमें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं। इस हफ्ते अब तक 100 से अधिक उड़ानों को बम की धमकी मिल चुकी हैं और सभी झूठी साबित हुईं। अनुमान है कि इन धमकियों की वजह से 200 करोड़ रुपये तक का नुकसान हो चुका है। विमानों को बम की धमकियों के बीच सरकार ने एक दिन पूर्व ही नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के महानिदेशक विक्रम देवदत्त को कोयला सचिव नियुक्त किया है। अकासा एयर के प्रवक्ता ने बताया कि उसकी अहमदाबाद से मुंबई, दिल्ली से गोवा, मुंबई से बागडोगरा, दिल्ली से हैदराबाद, कोच्चि से मुंबई व लखनऊ से मुंबई की उड़ानों को धमकी मिली थी। विमानों की गहन जांच की गई। संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर उन्हें उड़ान भरने की मंजूरी दे दी गई। ब्यूरो

>> अफगानिस्तान ने नहीं दी हवाई क्षेत्र इस्तेमाल की अनुमति : पेज 11



विमान में बम की धमकी के बाद जोधपुर एयरपोर्ट पर सतर्कता बरतते सुरक्षाकर्मी।

### धमकी देने वाला एक्स हैंडल ब्लॉक

इंडिगो ने बताया कि उसकी जेद्दा-मुंबई, कोझिकोड-दम्माम, दिल्ली-इस्तांबुल, मुंबई-इस्तांबुल, पुणे-जोधपुर व गोवा-अहमदाबाद उड़ानों को धमकी दी गई। वहीं, विस्तारा की दिल्ली-फ्रैंकफर्ट, सिंगापुर-मुंबई, बाली-दिल्ली, सिंगापुर-दिल्ली, सिंगापुर-पुणे व मुंबई-सिंगापुर उड़ान को धमकी मिली। एअर इंडिया की कोच्चि-दम्माम उड़ान को धमकी मिली। इस बीच, धमकी देने वाले एक एक्स हैंडल को ब्लॉक किया गया है।

### धमकियों पर सरकार गंभीर : मंत्री

नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि विमानों में बम की धमकियों को गंभीरता से लिया गया है। पुलिस पता लगा रही कि इसके पीछे कौन है। हम कानून व नियमों में बदलाव पर विचार कर रहे हैं। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए खुफिया विभाग व गृह मंत्रालय के अन्य महत्वपूर्ण लोगों को नियुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है।

# दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण गहराया, एक्यूआई 277

## आनंद विहार का एक्यूआई दिन में 454 पहुंचा...कई और इलाकों की हवा बेहद खराब श्रेणी में

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रदूषण ने राजधानी दिल्ली और एनसीआर की हवा में अपनी जकड़न मजबूत कर ली है। रविवार को राष्ट्रीय राजधानी समेत पूरे एनसीआर की हवा खराब श्रेणी में दर्ज की गई।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के डाटा के अनुसार पिछले 24 घंटे का औसत देखें तो राजधानी दिल्ली में एक्यूआई सबसे अधिक 277 रहा, जबकि इसके बाद 243 के साथ गाजियाबाद का स्थान रहा। गुरुग्राम में 219 और नोएडा में 206 एक्यूआई रहा। 124 एक्यूआई के साथ ग्रेटर नोएडा की हालत थोड़ी बेहतर रही। देशभर की बात करें तो सर्वाधिक एक्यूआई एमपी के सिंगरौली का 290 रहा। सीपीसीबी का दावा है कि पिछले वर्ष के मुकाबले इस साल अब तक पराली जलाने के मामले अपेक्षाकृत कम दर्ज किए गए हैं।

दिल्ली के 35 केंद्रों पर दर्ज किए गए डाटा के अनुसार, 14 जगह हवा बेहद खराब रही। इनमें सबसे खराब हवा आनंद विहार की रही जहां एक समय एक्यूआई 454 तक पहुंच गया था। इसके अलावा बवाना, द्वारका, जहांगीरपुरी, मुंडका, नरेला, पटपड़गंज, रोहिणी, शादीपुर, सोनिया विहार में भी हवा बेहद खराब श्रेणी में रही।



राजधानी में छाई धुंध।

दिल्ली की हवा को जहरीली बनाने में वाहनों से निकलने वाले धुएं की हिस्सेदारी 9.69 फीसदी रही। वहीं, 15 सितंबर से 19 अक्तूबर के बीच पराली जलाने के 2,733 मामले सामने आए। इनमें पंजाब में 1,393, हरियाणा में 642, उत्तर प्रदेश में 687 और दिल्ली में 11 मामले थे।

### *35.8 डिग्री रहा अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक*

*जाड़े का मौसम सामने आने के बावजूद रविवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक है। सोमवार को अधिकतम तापमान 36 जबकि न्यूनतम 18 डिग्री रहने का अनुमान है। आसमान साफ रहने की भी भविष्यवाणी की गई है।*




**आज के कार्यक्रम**

**वार्ता**

■ **गुलमोहर हॉल :** शाम 7 बजे से आइलैंड किताब पर बातचीत होगी।

**प्रदर्शनी**

■ **विजुअल आर्ट्स गैलरी** सुबह 11 बजे से मीनाक्षी बहुगुणा की सोलो पेंटिंग प्रदर्शनी लगेगी।

**उत्सव**

■ **इंडिया इंटरनेशनल सेंटर** सुबह 10 बजे से आईआईसी कला उत्सव का आयोजन होगा, प्रवेश निशुल्क।

**संगीत**

■ **द पियानो मैन :** रात 8:30 बजे से इंडी कलाकारों की संगीत प्रस्तुति, नए गीत सुनने को मिलेंगे।

**आपकी आवाज**

किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।

ईमेल

del.metrobureau@del.amarujala.com

व्हाट्सएप करें

9873687563



प्रशांत विहार में सीआरपीएफ स्कूल की दीवार के बाहर रविवार सुबह ब्लास्ट की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचीं सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी ही बारीकी से निरीक्षण किया। एनएसजी कमांडो, डॉग स्क्वाड और बम विरोधी दस्ते ने गहन जांच की। भूपिंदर सिंह

# 13 साल बाद ब्लास्ट, एजेंसियां अलर्ट पर

## राजधानी में सितंबर 2011 में दिल्ली हाईकोर्ट में हुआ था ब्लास्ट, 11 लोगों की हुई थी मौत

धनंजय मिश्रा

**नई दिल्ली।** रोहिणी स्थित प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह हुए धमाके ने एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में बीते 13 साल बाद इस तरह का धमाका हुआ है। सुरक्षा एजेंसियों ने पांच घंटे तक घटनास्थल की जांच की। इससे पहले सितंबर 2011 में दिल्ली हाईकोर्ट में धमाका हुआ था जिसमें 11 लोगों की मौत हुई थी।

वहीं जनवरी 2022 में गाजीपुर फूल मंडी के गेट पर बैग में आईईडी विस्फोटक बरामद हुआ था। जिसे एनएसजी की बम निरोधक दस्ता की टीम एक बड़ा गड्ढा कर उसमें बम को निष्क्रिय कर दिया था। जांच में सामने आया था कि बम को बनाने में आरडीएक्स और अमोनियम नाइट्रेट के साथ ही छर्रे का इस्तेमाल किया गया था। वहीं दिसंबर 2023 में इजराइली दूतावास के बाहर भी धमाका हुआ था, लेकिन उसमें कोई हताहत नहीं हुआ था।

रोहिणी में हुए धमाके के मामले में अभी सुरक्षा एजेंसियों की ओर से यह नहीं बताया गया है कि यह ब्लास्ट आतंकी साजिश है या कुछ और। जांच से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोटक सामग्री को इस प्रकार से लगाया गया कि उसके रिफ्लेक्टिव प्रेशर से शॉकवेव उत्पन्न हो, जिससे आसपास के इलाके में नुकसान पहुंचे। जांच रिपोर्ट से यह पता चलेगा कि धमाके में कौन से केमिकल व विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। अभी फिलहाल एजेंसियों को यह पता लगाना मुश्किल हो रह है कि धमाका कैसे कराया गया। मौके से टाइमर, डेटोनेटर, तार, बैट्री, घड़ी जैसे उपकरण आदि नहीं मिले हैं।




प्रशांत विहार में घटनास्थल का सीसीटीवी फुटेज का वीडियो ग्रैब।

### दिल्ली में हुए धमाके

| दिनांक | स्थान | मौत | घायल |
|---|---|---|---|
| 06 जनवरी 2000 | पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन | 00 | 20 |
| 27 फरवरी 2000 | पहाड़गंज | 00 | 08 |
| 16 मार्च 2000 | सदर बाजार | 00 | 07 |
| 18 जून 2000 | लाल किला | 02 | 00 |
| 09 मई 2001 | सेना मुख्यालय/डलहौजी रोड | 00 | 01 |
| 11 अगस्त 2001 | साउथ एक्सटेंशन | 00 | 02 |
| 13 दिसंबर 2001 | संसद | 11 | 30 |
| 22 मई 2005 | लिबर्टी/सत्यम सिनेमा | 01 | 60 |
| 14 अप्रैल 2006 | जामा मस्जिद, वाल्ड सिटी, पुरानी दिल्ली | 00 | 14 |
| 13 सितंबर 2008 | करोल बाग, कनाट प्लेस और ग्रेटर कैलाश | 25 | 150 |
| 27 सितंबर- 2008 | फूल बाजार, महरौली | 03 | 21 |
| मई 2011 | दिल्ली हाई कोर्ट | 00 | 00 |
| सितंबर 2011 | दिल्ली हाई कोर्ट | 11 | 74 |

### 50 मीटर की दूरी पर मौजूद थे 20 लोग

■ जिस जगह पर धमाका हुआ है वहां से 50 मीटर की दूरी पर 20 लोग मौजूद थे। सभी लोग सुरक्षित हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पास में एक पूड़ी-सब्जी की एक दुकान है। वहां पर सुबह लोग पूड़ी-सब्जी खाने के लिए आते हैं। जिस समय ब्लास्ट हुआ, यहां खड़ी गाड़ियों में और दुकान के पास करीब 10 से 12 लोग पूड़ी-सब्जी खा रहे थे।

### स्कूल में पढ़ते हैं सुरक्षा बलों के अधिकारियों के बच्चे

सीआरपीएफ स्कूल में पांच श्रेणी में छात्र-छात्राओं को सिलेक्ट किया जाता है। इसमें सीआरपीएफ अधिकारियों के बच्चे, सीआरपीएफ के रिटायर्ड और हैंडीकैप अधिकारियों के बच्चे, अन्य पैरामिलिट्री फोर्सेस (आईटीबीपी, बीएसएफ आदि) के जवानों के बच्चे पढ़ते हैं। यदि सीट बचती है तो नॉन सर्विस वाले लोगों के बच्चों को प्रवेश दिया जाता है।

### बम धमाके की जांच की निगरानी कर रहे एलजी

**नई दिल्ली।** प्रशांत विहार के रोहिणी सेक्टर 11 स्थित सीआरपीएफ के स्कूल के दीवार के पास हुए धमाके की जांच की एलजी निगरानी कर रहे हैं। इस घटना के बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोशल मीडिया पर कहा कि दिल्ली में हुए बम धमाकों की जांच कई एजेंसियों कर रही है। इन जांच की प्रगति पर लगातार नजर रख रहा हूं। भरोसा दिलाता हूं कि दोषियों को सजा मिलेगी। उन्होंने सभी से संयम बरतने और डर फैलाने से बचने की अपील की है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि घटना के बाद एलजी ने पुलिस से पूरे मामले की जानकारी ली। साथ ही आगे की जांच को तेज करने का आदेश दिया है। ब्यूरो



### कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी केंद्र की : आतिशी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि स्कूल के बाहर बम ब्लास्ट की घटना दिल्ली की चरमराती सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही है। कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है। लेकिन अपना काम छोड़कर दिल्ली की चुनी हुई सरकार के कामों को रोकने में लगाती है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली की सांविधानिक व्यवस्था बहुत स्पष्ट है। पुलिस, लॉ एंड ऑर्डर और लैंड ये मात्र तीन जिम्मेदारी केंद्र की सरकार के पास है। बाकी दिल्ली की चुनी हुई सरकार के पास है। भाजपा शासित केंद्र सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड देखे तो वो अपना 99 प्रतिशत समय दिल्ली की चुनी हुई सरकार के कामों को रोकने में लगाती है। ब्यूरो



## एनआईए की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से किया निरीक्षण



**नई दिल्ली।** धमाके के बाद सभी सुरक्षा एजेंसी मौके पर पहुंचकर छानबीन की। आतंकी मामलों की जांच करने वाली एनआईए की टीम भी मौके पर पहुंची। एनआईए की टीम ने सबसे पहले विस्फोट वाले जगह का मुआयना किया और साक्ष्य हासिल किए। उसके बाद टीम ने विस्फोट से हुए नुकसान वाली जगह की बारीकी से जांच की। टीम करीब दो घंटे तक घटनास्थल पर मौजूद रही।

सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय इस मामले की तफ्तीश का जिम्मा एनआईए को सौंप सकती है। बताया जा रहा है कि स्पेशल सेल और प्रशांत विहार पुलिस से मंगलवार तक जांच की रिपोर्ट को लिया जा सकता है। उसके बाद आतंकी साजिश या फिर बड़े वारदात को अंजाम देने की संभावना को लेकर एनआईए जांच करेगी। ब्यूरो

### विस्फोट से कैमरा टूटकर झुका

जिस जगह पर विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया है वह सीसीटीवी कैमरे के जद में है। इससे जांच एजेंसियों को उस व्यक्ति की पहचान में आसानी होगी, जिसने विस्फोटक को वहां लगाया। अभी तक की दिल्ली पुलिस ने किसी भी संदिग्ध की पहचान को लेकर कोई भी जानकारी नहीं दी है। फुटेज विस्फोट होने और उससे कुछ देर पहले का है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस सीसीटीवी फुटेज से सुरक्षा एजेंसियों को उस संदिग्ध व्यक्ति के बारे में जानकारी मिल गई होगी। वह बाइक से या फिर कार से आया था। सीसीटीवी कैमरे में दिख रहा है कि जिस जगह पर विस्फोट हो रहा है उसके सामने की सड़क से कार और बाइक गुजर रही है। इसी दौरान दीवार के पास आग की लपटें निकलती हुई दिखी। लेकिन धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कैमरा टूट कर नीचे झुक गया। उसके बाद वहां कुछ भी नहीं दिखाई दिया।

**44 मिनट बाद मिली पुलिस को धमाके की सूचना**

*सीसीटीवी के मुताबिक 7 बजकर 3 मिनट 53 सेकेंड पर सीआरपीएफ स्कूल के बाहर धमाका हुआ। पुलिस को घटना की सूचना 44 मिनट बाद मिली। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक विस्फोट की सूचना दिल्ली पुलिस को 7 बजकर 47 मिनट पर मिली। आशंका जताई जा रही है कि धमाका के समय वहां कोई मौजूद नहीं था। जब तक लोगों को धमाके के बारे में जानकारी मिली तब तक काफी देर हो गई थी।*

## कानून व्यवस्था पर कांग्रेस ने आप व भाजपा को घेरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कानून व्यवस्था पर प्रदेश कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी और भाजपा पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बल्लीमारान विधानसभा की कार्यकारिणी बैठक में लोगों से अपील की कि वो भीड़ वाले क्षेत्र में जाने से पहले सतर्क रहें।



कानून व्यवस्था लचर स्थिति में है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में बदलाव की बयार चल रही है। भाजपा और आम आदमी पार्टी से लोग दुखी महसूस कर रहे है। केंद्र और राज्य सरकार की नीति और नीयत पूरी तरह उजागर हो चुकी है। ब्यूरो

## संवेदनशील मुद्दों पर सियासत कर रही आप : भाजपा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि रोहिणी में एक स्कूल के पास रविवार सुबह हुए कथित धमाके की घटना जैसे संवेदनशील मुद्दों पर आप राजनीति कर रही है। सचदेवा ने कहा कि राजनीतिक दलों को पुलिस के आधिकारिक बयान का इंतजार करना चाहिए। ब्यूरो



# विस्फोट के बाद प्रशांत विहार इलाके में दहशत का माहौल

**नई दिल्ली।** प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए धमाके के बाद दहशत का माहौल है। धमाके के बाद ही आसपास के कई लोगों की नींद खुली। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले तो उन्हें सिलिंडर विस्फोट या फिर मकान गिरने का अंदेशा हुआ, लेकिन घटनास्थल के पास पहुंचने पर अहसास हुआ कि यहां पर विस्फोट किया गया है। अगर धमाका सोमवार को होता तो हताहतों की संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल था।

फुटवेयर कारोबारी योगेश जैन ने बताया कि वह घटनास्थल के पास ही रहते हैं। बताया कि सुबह वह पार्क में टहलने जा रहे थे। इसी दौरान जोरदार धमाका हुआ। धमाका इतना जोरदार था कि करीब दो किलोमीटर तक इसकी आवाज सुनी गई। उन्हें लगा कि किसी मकान में सिलिंडर विस्फोट हुआ है या फिर मकान गिर गया है। लेकिन घटनास्थल के पास सफेद रंग के धुआं देखकर उन्हें कुछ शक हुआ। योगेश जैन ने बताया कि धमाके का सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ा है और वह काफी दहशत में हैं। पुलिस टीम वहां पहुंच गई और इलाके की घेराबंदी कर दी।



रविवार सुबह ब्लास्ट के बाद दहशत में दिखे लोग। भूपिंदर सिंह

उन्होंने बताया कि घटनास्थल से सौ मीटर दूर पुलिस चौकी है। कुछ दूरी पर दिल्ली पुलिस के क्राइम ब्रांच का कार्यालय भी है। वहीं करीब आधा किलोमीटर पर प्रशांत विहार थाना है।

पंखे के उपकरण बनाने वाले कारोबारी दीपक ने बताया कि धमाके के समय वह अपनी गली में मौजूद थे। धमाका इतना तेज था कि कुछ देर के लिए उनके कान सुन्न हो गए। उन्हें लगा कि मार्केट में मौजूद दुकान में सिलिंडर विस्फोट हुआ है। वह भागकर वहां पहुंचे। दुकान पर उनके कर्मचारी और कुछ ग्राहक थे। सामने धुएं का गुब्बार था और धुएं में सीवर का दुर्गंध था। उन्होंने देखा कि विस्फोट में तीन चार गाड़ियों और कार्यालय के शीशे टूट गए हैं और दुकान के बोर्ड भी टूटकर नीचे गिर गए हैं।

भारत अरोड़ा ने बताया कि धमाका के दौरान वह घर में थे। वह तुरंत भागकर सड़क पर पहुंचे। थोड़ी देर बाद धुआं छटा तब पता चला कि स्कूल की दीवार के पास धमाका हुआ है। उन्होंने बताया कि रविवार होने की वजह से यहां कोई नुकसान नहीं हुआ है। यहां पर लेंसर स्कूल और सीआरपीएफ स्कूल है। ब्यूरो

# हुजूर... बाजारों में नहीं कागजों में तैनात हैं सुरक्षाकर्मी

## बाजार में माचान तो बने, पर नहीं थे पुलिसकर्मी तैनात, सरोजिनी नगर, सदर बाजार, करोल बाग, पहाड़गंज व जनपथ मार्केट में सुरक्षा की लापरवाही

अमर उजाला लाइव

आशीष सिंह / नितिन राजपूत

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन से पहले दिल्ली एक धमाके से दहल गई। मगर दिल्ली पुलिस की आंख अभी नहीं खुली है। दिल्ली के बाजारों की पड़ताल की गई तो सुरक्षा भगवान भरोसे नजर आई। बाजार में मचान तो लगे हैं, डीएफएमडी लगे हैं, मगर कहीं भी पुलिसकर्मी तैनात नहीं दिखाई दिए।

करोल बाग, सरोजिनी नगर, सदर बाजार, पहाड़गंज और जनपथ मार्केट में सुरक्षा भगवान भरोसे दिखी। इन बाजारों में न कोई पूछताछ करने के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात हैं न ही बाजारों में लगे मेटल डिटेक्टर काम कर रहे हैं। लोग बेरोकटोक आ जा रहे हैं। हालांकि, बाजारों में लाउड स्पीकर के जरिए खरीदारों को संदिग्ध वस्तु, गतिविधि दिखाई देने पर पुलिस को सूचित करने के लिए दिशा-निर्देश जरूर दिए जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था की पड़ताल को लेकर अमर उजाला संवाददाता ने प्रशांत विहार में हुए धमाके के बाद जायजा लिया। पेश है रिपोर्ट।



लक्ष्मी नगर में भीड़ के बावजूद पुलिस कर्मी नदारद। बाजार में कोई मेटल डिटेक्टर नहीं। - विवेक निगम

### 12:30 बजे दोपहर जनपथ मार्केट




बाजार के प्रवेश व निकास द्वार पर सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं है। सुरक्षाकर्मी के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था है, लेकिन वहां कोई भी मौजूद नहीं दिखा। मेटल डिटेक्टर लगे हैं, लेकिन चालू अवस्था में नहीं है। यहां लोग बिना जांच के आ-जा रहे हैं। बाजार में देश ही नहीं विदेशी भी खरीदारी करने के लिए आते दिखे। आलम यह है कि यहां न कोई सुरक्षाकर्मियों की तैनाती है न गश्त की जा रही है। दुकानदारों ने बताया कि वह पुलिस का सहयोग कर रहे हैं।

### 1:00 बजे दोपहर पहाड़गंज बाजार




प्रमुख बाजारों में से एक पहाड़गंज में सुरक्षा के नाम पर खानापूर्ति दिखी। वहां सुरक्षा के लिए बनाए गए पुलिस वॉच टावर पर कोई सुरक्षाकर्मी नहीं है और वहां कोई पुलिस चेकपोस्ट भी नहीं दिखी। बाजार में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी खराब पड़े थे। पहाड़गंज इलाके में करीब 700 से ज्यादा होटल हैं। वहीं, कई महत्वपूर्ण दुकानें भी हैं। इस कारण क्षेत्र में पूरे दिन लोगों की आवाजाही रहती है।

### 1:30 बजे दोपहर करोल बाग मार्केट

करोल बाग मेन रोड से अजमल खां रोड पर बाजार में प्रवेश करते समय देखने को मिला कि प्रवेश द्वार पर कोई बैरिकेड नहीं लगी है। शारीरिक जांच के लिए कोई पुलिसकर्मी भी वहां मौजूद नहीं हैं। बाजार में तीन पुलिस वॉच टावर भी खाली पड़े है। आलम यह है कि पुलिस वॉच टावर के नीचे ही पटरी बाजार वालों ने अतिक्रमण किया है।



### 2:00 बजे दोपहर लक्ष्मी नगर बाजार

सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे दिखाई दी। लोगों को सतर्क करने के लिए लगाए गए लाउडस्पीकर भी बंद थे। यहां आने-जाने वाले लोग व खरीदारों को बिना जांच के प्रवेश दिया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से बाजार में माहौल भयावह है। करीब एक किलोमीटर तक इस बाजार में न तो पीसीआर वैन दिखी और न ही पुलिसकर्मी गश्त करते नजर आए।

### 2:30 बजे दोपहर सरोजिनी नगर मार्केट

मार्केट के प्रवेश बिंदु से भारी संख्या में भीड़ अंदर घुसती दिखी, जहां मेटल डिटेक्टर लगा है, लेकिन, उसे जांचने वाले सुरक्षाकर्मी गैर मौजूद दिखे। आगे जांच करने पर दो अन्य जांच पॉइंट पर भी मेटल डिटेक्टर लगे मिले। हालांकि, एक जगह पर भीड़ मेटल डिटेक्टर के बगल में खुली जगह से गुजर रही थी, जबकि दूसरी जगह पर तलाशी लेने वालों पर नजर रखने के लिए कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था।

# धमाका कर सरकार को मैसेज देना चाहते हैं शरारती तत्व

## रोहिणी धमाका : दो पत्थरों के बीच में रखा गया था विस्फोटक

पुरुषोत्तम वर्मा

**नई दिल्ली।** विस्फोट को आतंकी वारदात ही कहेंगे। रोहिणी में सीआरपीएफ के स्कूल के पास जोरदार धमाका कर संदिग्ध सरकार को मैसेज देना चाहते हैं कि वह कुछ भी कर सकते हैं। हालांकि त्योहारी मौसम में दिल्ली हाईअलर्ट पर रहती है। संदिग्धों ने विस्फोटक दो पत्थरों के बीच में रखा था। पुलिस को मौके से तीन तार व सफेद पाउडर मिला है। पुलिस को शक है कि विस्फोटक रखने वाला भी सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ है। मौके से मिले सफेद पाउडर ने उत्तरप्रदेश विधानसभा की याद दिला दी। जुलाई, 2017 में यूपी विधानसभा में इसी तरह का पाउडर मिलने से हडकंप मच गया था।

**मौके से नहीं मिले जान-माल का नुकसान करने वाले पदार्थ**

स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शरारती तत्वों का उद्देश्य सिर्फ सरकार को बताना है कि वो कुछ भी कर सकते हैं.. मैसेज देना है। अगर संदिग्ध को जानमाल का नुकसान करना होता है तो विस्फोटक के साथ कीलें, बॉल-वेयरिंग, पेचकस व लोहे की गोलियां होती, मगर विस्फोटक वाली जगह पर ऐसा कुछ नहीं मिला। दूसरा ये छुट्टी वाले दिन यानि रविवार को धमाका नहीं करते। हालांकि विस्फोटक की तीव्रता बहुत ज्यादा थी। ये धमाका 40 फुटा रोड पर हुआ है। इसका असर इससे दूर 30 से 35 फीट तक देखा गया है।



### सुपरसोनिक स्पीड से फैलती है शॉकवेब

पुलिस अधिकारियों के अनुसार ऐसे मामलों में ठोस या तरल विस्फोटक सामग्री बहुत ही गर्म, सघन और उच्च दवाब वाली गैस में परिवर्तित हो जाती है। विस्फोटक के बाद गैस बेहद तेज गति से फैलती है। इससे हवा में एक शक्तिशाली शॉकवेब पैदा होती है। ये शॉकवेब आसपास के इलाकों में सुपरसोनिक स्पीड से फैलती है और भारी नुकसान का कारण बनती है।

■ **जांच स्पेशल सेल को सौंपी गई** रोहिणी धमाके की जांच अनौपचारिक रूप से दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की नार्थन रेंज में तैनात एसीपी राहुल कुमार सिंह की टीम को जांच सौंप दी गई है। टीम को सोमवार तक पूरी फाइल मिलने की संभावना है। सफेद रंग के पाउडर को सोमवार को रोहिणी स्थित एफएसएल भेजा जाएगा।




## अपराध संक्षेप

### जूता-चप्पल बनाने की फैक्टरी में आग

**नई दिल्ली।** नांगलोई के नरेश पार्क एक्सटेंशन में रविवार दोपहर जूता-चप्पल बनाने वाली फैक्टरी में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की 28 गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे हैं। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि आग बुझाने के बाद मामले की जांच की जाएगी। ब्यूरो

### अवैध हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक हथियार आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार किया है। उसके पास से दो पिस्टल, तीन कारतूस और एक कार बरामद की गई है। बदमाश यूपी के गाजियाबाद का रहने वाले हामिद अली उर्फ चंदू है। उस पर पहले से ही हत्या के प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने राजघाट में बस डिपो के पास से हुंडई वर्ना कार जांच के लिए रोकी। पूछताछ करने पर कार चालक की पहचान हामिद अली के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से दो पिस्टल और तीन कारतूस बरामद किए। ब्यूरो

### बंधक बनाकर बुजुर्ग महिला से लूटपाट

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के ग्रीन पार्क में रविवार सुबह घरेलू सहायकों ने बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर लूटपाट की। घर में महिला अकेली थी। सुबह सैर पर निकले उनके पति जब घर पहुंचे तब उन्होंने पत्नी को बंधन मुक्त कर पुलिस को सूचना दी। सफदरजंग पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर अजीत कामत और धर्म कुमार को गिरफ्तार कर लूट का सामान बरामद कर लिया। डीसीपी के अनुसार, 77 वर्षीय सुरेंद्र कुमार जैन ने घर का काम करने के लिए दो सहायक अजीत कामत और धर्म कुमार रखे हुए हैं। उन्होंने बताया कि 19 की सुबह वह घर से पार्क जाने के लिए निकले। घर आए तो देखा कि उनकी पत्नी के हाथ और मुंह बांधे हुए थे। पता चला कि धर्म और अजीत ने बंधक बनाकर अभूषण, नकदी और अन्य महंगे सामान लूट ले गए हैं। ब्यूरो

# ऑनलाइन ठगी में चार लोग गिरफ्तार एक ही खाते में 4.28 करोड़ लेनदेन

## एनसीआरपी गृह मंत्रालय पोर्टल पर 72 शिकायतें लिंक, शेयर मार्केट में निवेश पर मुनाफे का झांसा देते थे

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिमी जिले की साइबर थाना पुलिस ने पूरे देश में ऑनलाइन ठगी करने वाले चार जालसाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपी शेयर मार्केट में निवेश कराकर बड़े मुनाफे होने का झांसा देकर ठगी करते थे। बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले जालसाजों के एक बैंक में एक खाते में 4.28 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। इनके कब्जे से ठगी में इस्तेमाल पांच स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इन जालसाजों से संबंधित एनसीआरपी गृह मंत्रालय पोर्टल पर विभिन्न राज्यों से प्राप्त 72 शिकायतें लिंक पाई गई हैं। आरोपी विदेश में बैठे जालसाजों के लिए बैंक खाता उपलब्ध कराते थे।

दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी के अनुसार एक इंटरनेशनल एलएलपी के साथ इंजीनियरिंग विभाग में डीजीएम-आईटी के रूप में कार्यरत अर्जुन सेठी ने वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। वह शेयर बाजार के बारे में अनजान थे। इंस्टाग्राम पर एक विज्ञापन के जरिए विज्ञापन में रुचि दिखाने पर स्कैमर्स ने उन्हें 10 जनवरी, 24 को एक व्हाट्सएप ग्रुप वैनगार्ड 249 में जोड़ दिया। शिकायतकर्ता ने स्कैमर्स द्वारा बनाए गए और प्रबंधित समूह में लगभग 42 लाख रुपये की राशि का निवेश किया। जब उन्होंने निवेश किए गए पैसे को वापस लेने की कोशिश की, तो स्कैमर्स ने प्रबंधन शुल्क और करों के रूप में और पैसे मांगे। आरोपियों ने निवेश किए गए पैसे वापस करने से इन्कार कर दिया। उसके बाद शिकायतकर्ता को एहसास हुआ कि वह धोखाधड़ी का शिकार हो गए हैं। उन्होंने 10 मार्च को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

मामला दर्जकर साइबर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर विकास कुमार बुलडक की देखरेख में एक टीम ने जांच शुरू की। पुलिस टीम ने उन 11 बैंक खातों को पता किया जिनमें ठगी की रकम गई थी। मनी ट्रेल का बैंकिंग डेटा, पंजीकृत फोन नंबर, मेल आईडी और आईपी डेटा एकत्र किया गया। सब-इंस्पेक्टर जगदीप नारा की टीम ने सूरत, अहमदाबाद, चित्तौडग़ढ़ और बड़ा बाजार कोलकाता डब्ल्यूबी में संभावित स्थानों पर छापे मारे। रिकॉर्ड के अनुसार श्री राधे एंटरप्राइज का चालू बैंक खाता जीएसटी नंबर, उद्यम प्रमाण पत्र के साथ खुला था, जो सूरज, गुजरात निवासी निकुंज अश्विनभाई मकवाना पुत्र अश्विनभाई (29) के नाम पर पंजीकृत मिला। इसको गिरफ्तार कर लिया गया। इस पुलिस टीम ने पोस्ता कोलकाता में छापा मारकर आदित्य सोनकर को गिरफ्तार किया गया।

### बैंक खाता बेचकर पैसे कमाना चाहता था

कम पढ़े लिखे आरोपी निकुंज मकवाना ने बताया कि वह सूरत में एक फैक्टरी में काम करता है। उसे पता चला कि वह चालू बैंक खाते बेचकर आसानी से पैसे कमा सकता है। इस पर उसने अपने दो चालू बैंक खाते खोले और अपने सहयोगी चेतन राणावत को दिए। वह कमीशन के आधार पर टेलीग्राम एप्लीकेशन के जरिए चालू बैंक खाते से डील करता था। आरोपी आदित्य सोनकर एक ज्वेलरी शॉप में काम करता है और अपने दोस्त सुमित शॉ के कहने पर उसने चालू बैंक खाते को प्रतिशत के आधार पर कोलकाता के घोटालेबाजों को सप्लाई किया। चित्तौड़गढ़, राजस्थान निवासी चेतन सिंह राणावत(33) पुत्र भंवर सिंह राणावत और बड़ाबाजार कोलकाता सुमित शॉ (23) पुत्र राम बिलास शॉ ने स्नातक किया हुआ है। आरोपी आदित्य ने बताया कि उसने अपना बैंक अकाउंट किट के साथ जुड़ी सिम, लॉगिन क्रेडेंशियल्स कथित सुमित शॉ को बेच दिए थे।

# बहन से बात करने पर नाराज भाई ने युवक की हत्या की

## दोस्तों के साथ मिलकर दिया वारदात को अंजाम

अमर उजाला ब्यूरो

**पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर तीन को किया गिरफ्तार, तीन अन्य की तलाश में जुटी**

**नई दिल्ली।** जगतपुरी इलाके में बहन से बात करने से नाराज एक युवक ने उसके प्रेमी की हत्या कर दी। आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर युवक को पीटकर अधमरा कर दिया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसे प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। उसके बाद घायल युवक के पेट में दर्द हुआ।

परिवार वाले उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के जीजा के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले की छानबीन कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि मारपीट में शामिल तीन अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

मृतक की शिनाख्त जगतपुरी निवासी अर्पित उर्फ गोलू (21) के रूप हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जगतपुरी पुलिस को शुक्रवार को एक युवक की पिटाई किए जाने की सूचना मिली। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि छह सात लड़कों ने मिलकर उनके साले की पिटाई कर दी है। इससे वह बुरी तरह घायल हो गया है। पुलिस ने घायल युवक को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद अर्पित को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। परिवार वाले उसे लेकर घर चले गए। शनिवार सुबह करीब चार बजे अर्पित ने पेट में दर्द हुआ। परिवार वाले उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जांच में पता चला कि अर्पित एक आरोपी ध्रुव की बहन से बातचीत करता था जिससे वह नाराज था। अर्पित को सबक सिखाने के लिए उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर अर्पित की पिटाई कर दी। पुलिस ने मुख्य आरोपी ध्रुव, नीशू व रविंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रेमिका ने कलाई काटकर भेजा वीडियो, देखने पहुंचे युवक की मौत

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आनंद विहार में एक युवती ने अपने हाथ की नसें काट ली और उसकी वीडियो अपने दोस्त को भेज दी। वीडियो देखकर दोस्त उसे देखने के लिए अस्पताल पहुंचा। वहां भर्ती महिला मित्र को देखकर युवक सदमे में चला गया और उसकी वहीं मौत हो गई। पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दे दी है। यह पता लगा रही है कि युवक की मौत कैसे हुई है। पुलिस युवती के नस काटने के बारे में भी जानकारी हासिल कर रही है।

मृतक की शिनाख्त अरुण (30) के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि अरुण की अपनी महिला मित्र से काफी समय से झगड़ा चल रहा था। इस बीच महिला ने अपने हाथ का नस काट कर उसका वीडियो अरुण को भेज दिया था। युवती को परिवार वालों ने कैलाश दीपक अस्पताल में भर्ती कराया था।

आनंद विहार पुलिस को एक युवक के अस्पताल में बेहोश होने की जानकारी मिली। पुलिस कैलाश दीपक अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टरों ने बताया कि युवक की मौत हो चुकी है। जांच में पता चला कि महिला मित्र के वीडियो भेजने के बाद अरुण उसे देखने के लिए अस्पताल पहुंचा। यहां महिला की हालत देख वहीं बेहोश होकर गिर गया। उसे इमरजेंसी में ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# दो गुट आपस में भिड़े, जमकर चलीं गोलियां, एक की मौत, दो घायल

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी इलाके में रविवार शाम को दो गुट आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गोली चला दी। इसमें एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरे पक्ष के दो लोगों को गोली लगी है। दोनों को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल दोनों आरोपी पुलिस ही हिरासत में हैं। पुलिस वारदात में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है। मृतक की शिनाख्त जहांगीरपुरी निवासी दीपक के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान नरेंद्र और सूरज के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार शाम पुलिस को बाबू जगजीवन राम से एक युवक को गोली लगने के बाद भर्ती कराए जाने की जानकारी मिली। पुलिस अस्पताल पहुंची तो पता चला कि गोली लगने से घायल युवक जहांगीरपुरी डी ब्लॉक निवासी दीपक को मृत घोषित कर दिया गया है। दीपक को उसके भाई ने अस्पताल में भर्ती कराया था। इसी बीच पुलिस को अस्पताल में दो अन्य लोगों जहांगीरपुरी निवासी नरेंद्र और सूरज को गोली लगने के बाद भर्ती कराए जाने की जानकारी मिली। पुलिस को पता चला कि डी ब्लॉक नौ सौ वाली गली में दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन की।

जांच में पता चला कि दीपक, उसका भाई और अन्य साथी नौ सौ वाली गली पार्क में खड़े थे। इसी दौरान नरेंद्र और सूरज वहां अन्य लोगों के साथ पहुंचे। दोनों पक्षों ने एक दूसरे से बात की। इस दौरान उनके बीच कहासुनी हो गई।







# आईजीडीटीयूडब्ल्यू : कंप्यूटर साइंस की छात्रा को एक करोड़ के पैकेज का ऑफर

## 70 फीसदी छात्राओं को प्लेसमेंट, एप्पल ने नौ छात्राओं को इंटर्नशिप का ऑफर दिया

रश्मि शर्मा


इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय (आईजीडीटीयूडब्ल्यू) की कंप्यूटर साइंस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की एक छात्रा को कंपनी मोटरक्यू ने एक करोड़ के पैकेज का ऑफर दिया है। यह विश्वविद्यालय के जुलाई से अक्तूबर तक हुए प्लेसमेंट सत्र 2024-25 अधिकतम पैकेज है। इसके अलावा एटलसियन कंपनी ने दो छात्राओं को 64 लाख पैकेज की पेशकश की है। इस सीजन में करीब 70 फीसदी छात्राओं के प्लेसमेंट हुए हैं। प्लेसमेंट प्रक्रिया जून तक चलेगी।

आईजीडीटीयूडब्ल्यू विवि के अनुसार वैश्विक स्तर पर बाजार की अनिश्चितताओं के बाद भी 2024-25 बैच ने प्लेसमेंट में मानक स्थापित किए हैं। अंतरराष्ट्रीय से लेकर घरेलू स्तर की कंपनियों ने छात्राओं को प्रभावशाली प्लेसमेंट ऑफर दिए हैं।

अधिकतम सैलेरी पैकेज के ऑफर की बात की जाए तो मोटरक्यू कंपनी ने एक छात्रा को एक करोड़ रुपये की पेशकश की है, जबकि बीते साल दो छात्राओं को 82 लाख प्रति वर्ष और उससे पहले अमेजन ने एक छात्रा को 1.2 करोड़ के सैलेरी पैकेज की पेशकश की थी।एटलसियन कंपनी ने भी दो छात्राओं को 64 लाख रुपये सीटीसी की पेशकश की है। माइक्रोसॉफ्ट सबसे बड़े भर्ती कर्ताओं में से एक के रूप में उभरा है, जिसने 52.9 लाख रुपये प्रति वर्ष के आकर्षक पैकेज के साथ 17 छात्राओं को प्री-प्लेसमेंट ऑफर की पेशकश की है। वैल्स फैरगो कंपनी ने कुल 49 छात्राओं को इंटर्नशिप व फुल टाइम नौकरी के ऑफर दिए हैं। सैलेरी पैकेज 20 लाख रुपये दिया है। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने 9 छात्राओं को छह महीने की इंटर्नशिप अमेजन ने 24 छात्रों को छह महीने की इंटर्नशिप के लिए चयन किया है।

### प्लेसमेंट ड्राइव में इन कंपनियों ने लिया हिस्सा

गूगल, जौमेटो, लिंकडिन, पॉलो ऑल्टो नेटवर्क, गोल्डमैन सैशे, जेपीएमसी, डच बैंक, वॉलमॉर्ट, टिवेलियो, गेम्सक्रॉफ्ट, जियांगा, एप्पल।

### शानदार प्लेसमेंट छात्राओं की प्रतिभा का प्रमाण

कुलपतिआईजीडीटीयूडब्ल्यू की कुलपति प्रो रंजना झा ने कहा कि हमारी छात्राओं का शानदार प्लेसमेंट उनकी प्रतिभा का प्रमाण है। हम उन्हें हमारे राष्ट्र के विकास और नवाचार में योगदान देने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कुलपति के रूप में मुझे अपने छात्रों की असाधारण प्लेसमेंट को उजागर करने पर गर्व है। यह शिक्षा और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम अपने छात्रों को वैश्विक मंच पर नेतृत्व करने, बदलाव लाने और प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग में महिलाओं की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए तैयार कर रहे हैं।

## कविता और कॉमिक जगत के नए चहरों से हुए रूबरू

नई दिल्ली। साकेत के एक क्रिएटर हब में रविवार शाम कविता और कॉमिडी के नाम रही। कई नए कलाकारों गायक व कॉमेडियन ने मंच पर अपनी कला का जादू दिखाया। कॉमेडियन जहां दर्शकों को हंसाने के लिए अपने चुटकुलों और मजेदार किस्सों का खजाना खोलते दिखे। संवाद

**गीतों ने किया मंत्रमुग्ध : नई दिल्ली।** इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में चल रहे द आईआईसी एक्सपीरियंस में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में सुमंगला दामोदरन ने भारतीय पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन (आईपीटीए) की संगीत परंपरा को प्रस्तुत किया। संवाद






# हंसराज कॉलेज में कल से नेशनल इनक्यूबेशन समिट का आयोजन

नई दिल्ली। डीयू के हंसराज कॉलेज परिसर में 22 अक्तूबर को नेशनल इनक्यूबेशन समिट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज का उद्यमी सेल बीएसआईएस और द एंटरप्रेन्योर कैफे के सहयोग से एमएचसीआईआईई के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इसमें अमर उजाला नॉलेज पार्टनर है।

अमर उजाला नॉलेज पार्टनर

इसके अंतर्गत तीन और कार्यक्रम शामिल हैं। इसमें एनआईएस प्रमुख कार्यक्रम एक अनूठी पैनल चर्चा है। इसमें उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति के क्षेत्र में सफल मुख्य वक्ता शामिल हैं। उद्यमी सेल में राजीव चावला शामिल होंगे। वह एसएमई नेटवर्क में से एक और वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान इंटीग्रेटेड एसोसिएशन ऑफ माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष हैं।

दूसरा आयोजन एंटरप्रेन्योर कैफे के साथ मिलकर किया गया है, जो कि प्रसिद्ध एंटरप्रेन्योर राउंड टेबल है। सत्र स्टार्टअप के चुनिंदा समूह के लिए आरक्षित होगा। शिखर सम्मेलन के तहत आयोजित अंतिम कार्यक्रम ईसेल सिंकअप होगा, जो एक अभूतपूर्व और अग्रणी मिक्सर इवेंट होगा। संवाद

## कर्ण की दास्तान ने किया महाभारत को जीवंत

नई दिल्ली। इंडिया हैबीटेट सेंटर में चल रहे दास्तांगोई उत्सव में रविवार को नाटक दास्तान-ए-कर्ण ने महाभारत को मंच पर जीवंत कर दिया। इस दौरान लोग कहानी के एक नए पहलू से परिचित हुए। महमूद फारूकी द्वारा प्रस्तुत इस नाटक में कर्ण के दृष्टिकोण से महाभारत की कहानी बताई गई। नाटक में कर्ण के जीवन के उतार-चढ़ाव, उनके संघर्ष और उनके निर्णयों को दिखाया गया। महमूद के लाजवाब अभिनय ने कर्ण को मंच पर जीवित ही कर दिया। नाटक में हिंदी, उर्दू, अरबी, फारसी और संस्कृत भाषाओं का इस्तेमाल किया गया। संवाद


**अमर उजाला**

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com


## आईपीयू का तीन दिवसीय वार्षिक खेल समारोह संपन्न

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (आईपीयू) में चल रहे 19वें वार्षिक खेल समारोह का समापन रविवार को हो गया। यह खेल समारोह 18 अक्तूबर को द्वारका कैम्पस में शुरू हुआ था। इस साल आयोजित ओलंपिक में कुश्ती के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने भी उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाई।

यूनिवर्सिटी के छात्र कल्याण निदेशालय की निदेशक प्रो. मनप्रीत कौर कांग के अनुसार दोनों कैम्पस के अलावा लगभग 75 संबद्ध कॉलेज के करीब 11 हजार छात्र-छात्राएं इस महोत्सव में हिस्सा लिया। इस बार जूडो और खोखों को पहली बार महोत्सव में शामिल किया गया। रेस, शॉटपुट, लॉग जम्प, रिले हिट्स, बैडमिंटन, क्रॉस कंट्री रेस, बास्केटबॉल, कबड्डी, टेनिस, वॉलीबॉल, टग ऑफ वार, लांग जम्प, ट्रिपल जम्प, डिस्कस थ्रो, योग, चेस, बॉडी बिल्डिंग, टेबल टेनिस, इत्यादि स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। लगभग सभी स्पर्धाएं पुरुष और महिला दोनों वर्गों के लिए रही। ब्यूरो






# आईआईएफटी में ट्रेड विंड्स 2024 कॉन्क्लेव का समापन



आईआईएफटी में कॉन्क्लेव को संबोधित करते वक्ता। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

### कार्यक्रम में छात्रों ने सीखे लीडरशिप के गुर

नई दिल्ली। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड, (आईआईएफटी) दिल्ली की ओर से तीन दिवसीय वार्षिक बिजनेस कॉन्क्लेव ट्रेड विंड्स-2024 का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्रों ने शिरकत की। कॉन्क्लेव के अंतिम दिन नेशनल लीडरशिप समिट का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने लीडरशिप के गुर सीखे। कार्यक्रम में अमर उजाला नॉलेज पार्टनर था।

अमर उजाला नॉलेज पार्टनर

समिट में एक्सेंचर कंसल्टिंग की प्रबंध निदेशक प्रीति खत्री, पीडब्ल्यूसी इंडिया कंसल्टिंग के कार्यकारी निदेशक सायंतन चटर्जी, केपीएमजी से नितिन नंदराजोग और आईआईएम, बंगलुरु के एल्युमिनी आयुष रुंगटा शामिल रहे। इस दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए आयुष ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद सब कुछ डिजिटल हो गया है। जो नहीं हुआ है वह हो रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापार में अब डिजिटल होने का मतलब डाटा का उपलब्ध होना है। इसमें जो उत्पाद खरीद व देख रहे हैं वह डाटा है। प्रीति खत्री ने कहा कि चैट जीपीटी ने व्यापार को पंख तो दिए हैं, लेकिन बहुत हद तक व्यापार राजनीतिक रिश्तों से तय होता है।

छात्रों से तकनीकी दौर के बारे में बताते हुए नितिन ने कहा कि वैश्विक तापमान बढ़ रहा है। सायंतन चटर्जी ने कहा कि तकनीक ने अनुभव को बदला है। तकनीक एक बिजनेस है। इसने व्यापार को पूरी तरह से बदल दिया है। जो चीज भारत में बन व बिक रही है, उसके खरीदार विदेशों से भी है।






हरियाणा सरकार

"आज हमारी हर नीति, हर रणनीति- जन कल्याण से राष्ट्र कल्याण की है।
जन अभियान से राष्ट्र निर्माण की है।"
- नरेन्द्र मोदी

# शहरी स्थानीय निकायों तथा पंचायतों में समाधान शिविर

## जन सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का मौके पर होगा समाधान

**प्रॉपर्टी आई-डी**
व अन्य समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम कार्यालय / नगर परिषद कार्यालय / नगर पालिका कार्यालय

**स्वामित्व**
से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित खंड एवं विकास पंचायत अधिकारी कार्यालय

## एक माह तक लगातार शिविर होंगे आयोजित

दिनांक - 22 अक्तूबर, 2024 से शुरू | समय - प्रात: 9 से 11 बजे

म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipr haryana

न्याय का उद्देश्य हर किसी को उसका हक दिलाना है। - सिसेरो

**त्योहारों से ऐन पहले हर साल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की आबोहवा के बिगड़ने की रिवायत विचलित करने वाली है। उम्मीद करनी चाहिए कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के मद्देनजर सरकारें असंवेदनशीलता छोड़, दीर्घकालीन विजन के साथ इस समस्या का स्थायी समाधान निकालेंगी।**

## हवा में जहर



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में सुबह और शाम के वक्त तापमान में लगातार कमी से लोगों को गर्मी से तो राहत मिली है, लेकिन दीवाली से ठीक पहले यहां हवा की गुणवत्ता जिस खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है, उससे पर्यावरण व सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है। चिंता की बात अलबत्ता यह भी है कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इससे जल्द राहत मिलने के संकेत नहीं दिए हैं। दरअसल, जैसे-जैसे ठंड नजदीक आती है, दिल्ली की हवा भी जहरीली होने लगती है, जिसके लिए स्थानीय सरकार पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने को वजह बताती आ रही है। हालांकि तथ्य कुछ और ही कहते हैं। दरअसल, दिल्ली के प्रदूषण में पराली का योगदान अक्तूबर की शुरुआत में एक फीसदी से भी कम था, जो अब जाकर ढाई फीसदी के आसपास पहुंचा है। जबकि, यहां गाड़ियों से निकलने वाले प्रदूषकों का प्रतिशत दस फीसदी से भी ज्यादा हो चुका है। इसके अतिरिक्त, राजधानी में निर्माण गतिविधियों व सड़कों पर जमी धूल का प्रदूषण में योगदान तकरीबन एक से दो फीसदी के बीच है। उल्लेखनीय है कि ठंड का मौसम आते-आते कोहरे की वजह से हवा भारी होने लगती है और उस पर प्रदूषित कण भी जमने लगते हैं, जिससे वह वायुमंडल में नहीं पहुंच पाती और प्रदूषण बढ़ने लगता है। लेकिन अभी जब वायु में नमी भी उस तरह से नहीं आई है, तब दिल्ली और उससे सटे फरीदाबाद, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, नोएडा और गुरुग्राम में वायु प्रदूषण का बढ़ना सवाल पैदा करता है। बीते कुछ दिनों से दिल्ली में धूल विरोधी अभियानों के तहत जुर्माना लगाए जा रहे हैं, सार्वजनिक निर्माण के नियमों को लागू किया जा रहा है, जो जरूरी भी है, लेकिन वायु प्रदूषण की समस्या का हर साल दीवाली के वक्त विकराल रूप से सामने आना इससे निपटने की रणनीतियों में दीर्घकालिक विजन के बजाय फौरी उपायों पर अत्यधिक निर्भरता को ही दर्शाता है। यमुना के झाग पर सियासत अपनी जगह है, लेकिन आसन्न छठ को देखते हुए यह स्थिति डराने वाली तो है ही। एक स्थानीय सर्वे की रिपोर्ट भी चिंतित करने वाली है, जिसके मुताबिक इस वक्त दिल्ली के छत्तीस फीसदी परिवार प्रदूषण संबंधी शारीरिक दिक्कतों से जूझ रहे हैं। आने वाले दिनों में जब ठंड और बढ़ेगी, दीवाली के वक्त जब प्रदूषक कण वातावरण में स्थिर हो जाएंगे, और अगर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो जाहिर है कि स्वास्थ्य संकट विकराल रूप ले सकता है। प्रदूषण की वार्षिक हो चुकी समस्या प्रशासनिक असंवेदनशीलता को ही दिखाती है। ऐसे में जरूरी है कि सरकारें गंभीर हों, नागरिक जागरूक हों और नियमों का सख्ती से पालन हो।

# अदालतों का बोझ कम करने की यही राह है

**देश की विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या, न्याय मिलने में देरी और वर्षों चलने वाले मुकदमों के खर्च को देखते हुए प्रधान न्यायाधीश वैकल्पिक विवाद समाधान के लिए मध्यस्थता की प्रक्रिया पर जोर देने की बात करते रहे हैं, जिससे सच्चे न्याय की उम्मीद बंधती है।**

यह बिल्कुल सही है कि न्याय केवल दिया ही नहीं जाना चाहिए, बल्कि दिखना भी चाहिए। न्याय मिलने में विलंब कई अवसरों पर अन्याय का कारण बनता है। यह भी विदित है कि सामाजिक स्तर पर लोगों या समूहों के बीच विचारों का आदान-प्रदान नहीं होना संघर्षों का कारण है। इसी संदर्भ में कुछ ऐसी प्रक्रियाओं का महत्व बढ़ जाता है, जिनके जरिये अंतःक्रियात्मक वातावरण बनाकर विवादों का समाधान किया जा सके और त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सके। कदाचित इसी उद्देश्य से हाल ही में देश के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने वैकल्पिक विवाद समाधान के लिए मध्यस्थता की प्रक्रिया पर जोर देने की बात कही है।



**सीबीपी श्रीवास्तव**
*अध्यक्ष, सेंटर फॉर अप्लायड रिसर्च इन गवर्नेंस, दिल्ली*

राष्ट्रीय न्यायिक ग्रिड के आंकड़ों और प्रधान न्यायमूर्ति द्वारा किए गए विश्लेषण के अनुसार, जिला और तालुका स्तर पर न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या लगभग 4.1 करोड़ है, जबकि उच्च न्यायालय में यह संख्या 59 लाख है। हालांकि उच्चतम न्यायालय सबसे कार्यकुशल न्यायालय है, क्योंकि यह प्रतिवर्ष लगभग 45,000-50,000 मामलों का निपटारा करता है, लेकिन इसके बावजूद लगभग 71,000 मामले इसमें भी लंबित हैं। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, 2010 और 2020 के बीच सभी अदालतों में लंबित मामलों की संख्या में औसतन 2.8 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से वृद्धि हुई है।

न्याय तंत्र की दूसरी बड़ी समस्या वादियों और प्रतिवादियों द्वारा खर्च होने वाली राशि है। ऐसा देखा गया है कि मामलों का निपटारा होने तक कई परिवार गरीबी रेखा से नीचे चले जाते हैं। वैकल्पिक विवाद समाधान एक मितव्ययी प्रक्रिया है। विशेषकर पारिवारिक विवादों के मामले में गोपनीयता बनी रहती है। इसके अतिरिक्त, पक्षकारों की स्वायत्तता का संरक्षण भी होता है। इसी पृष्ठभूमि में वैकल्पिक समाधान प्रक्रियाओं को समझना समीचीन होगा। भारत में वैकल्पिक विवाद समाधान का



सांविधानिक आधार अनुच्छेद 39-ए है, जो अनुच्छेद 21 से सीधे संबंधित है। अनुच्छेद 39-ए में समान और निःशुल्क विधिक सहायता के प्रावधान हैं। दूसरी ओर, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 89 के तहत मध्यस्थता (आर्बिट्रिशन), सुलह (कॉन्सिलिएशन) मध्यस्थता / और न्यायिक समाधान अथवा लोक अदालत को स्वीकार किया गया है। इनकी प्रक्रियाओं को नियमित करने के लिए इन्हें कानून के तहत शामिल किया गया है।

जैसे, मध्यस्थता तथा सुलह अधिनियम 1996 (2021 में संशोधित) के तहत क्रमशः बाध्यकारी निर्णय या प्रस्ताव के जरिये सिविल और शमनीय अपराधों (कम संगीन अपराधों, जैसे चोरी, आपराधिक अतिचार, व्यभिचार आदि) का समाधान किया जाता है। इसी प्रकार, मध्यस्थता अधिनियम 2021 में एक भारतीय मध्यस्थता परिषद की स्थापना का उल्लेख है, जो मध्यस्थता समझौते को कानूनी आधार देगा।

सबसे बड़ी बात है कि इस कानून में विवाद समाधान के लिए अधिकतम अवधि 180 दिनों की तय की गई है। इससे त्वरित न्याय उपलब्ध कराना सरल होगा। कई अवसरों पर ऐसे समाधान के बाद भी किसी पक्षकार को संतुष्टि नहीं होती। इसलिए यह प्रावधान भी है कि कोई भी पक्षकार मध्यस्थता के दो सत्रों के बाद प्रक्रिया से बाहर हो सकता है। सिविल और वाणिज्यिक विवादों के समाधान के लिए वाद-पूर्व मध्यस्थता जहां लंबित मामलों की संख्या पर रोक लगाएगी, वहीं यह सामाजिक स्तर पर अंतःक्रिया बढ़ाकर आपसी संबंधों को मजबूत भी बनाएगी।

जहां तक लोक अदालतों का प्रश्न है, इनका प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 39-ए से प्रेरित विधिक सेवाएं प्राधिकरण अधिनियम, 1987 में किया गया है। स्थायी लोक अदालत (अधिनियम की धारा 22-बी) के अलावा राष्ट्रीय लोक अदालत और ई-लोक अदालत का प्रावधान न्यायतंत्र को मजबूत बनाने में सहायक है। भारत में पहली लोक अदालत का आयोजन गुजरात में 1999 में किया गया था। लोक अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसके निर्णय अंतिम होंगे और इनके विरुद्ध अपील नहीं की जाएगी। इसका अर्थ इन अदालतों का निरपेक्ष होना नहीं है। अपील का प्रावधान नहीं होने का कारण यह है कि ये अदालतें वाद-पूर्व विवाद समाधान करती हैं। इनकी निरपेक्षता को सीमित करने के लिए यह उल्लेख है कि असंतुष्ट पक्ष न्यायालय में वाद संस्थापित कर सकता है।

न्याय तंत्र तक पहुंच भी भारत में एक बड़ी समस्या रही है। इस तंत्र में तकनीकों के प्रयोग के बाद ई-अदालतों की भूमिका बढ़ी है। यदि ई-लोक अदालतों की भूमिका बढ़ाई जाए, तो न्याय उपलब्धता की स्थिति में निश्चित रूप से सुधार होगा। मध्यस्थता को प्रोत्साहित करने से ही ऐसा हो सकेगा। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में आयोजित मध्यस्थता पर सिंगापुर कन्वेंशन अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता निपटान समझौते के प्रवर्तन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। भारत द्वारा शीघ्र ही इसे अनुमोदित करने की आशा है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली मध्यस्थता केंद्र में 31 जुलाई तक मध्यस्थता के लिए उपयुक्त 2,86, 631 मामलों में से कुल 2,81,474 मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा किया जा चुका है, जो कुल मामलों का 98.2 प्रतिशत है। यह निश्चित रूप से उत्साहवर्धक है और न्याय तंत्र में वैकल्पिक प्रक्रियाओं के महत्व का प्रतीक है।

मध्यस्थता के विषय पर भारत के मुख्य न्यायाधीश की राय अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके अनुसार, मध्यस्थता सामाजिक परिवर्तन का एक साधन है, जहां विचारों के आदान-प्रदान और सूचना के प्रवाह के माध्यम से सामाजिक मानदंडों को सांविधानिक मूल्यों के अनुरूप लाया जाता है। मध्यस्थता के दौरान अमूल्य चर्चा से प्राप्त समाधान व्यक्तियों और समूहों के लिए उनकी शर्तों पर, उनकी समझ में आने वाली भाषा में सच्चा न्याय सुनिश्चित करता है और एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जो उनकी भावनाओं की रक्षा करता है और जो उनके अस्तित्व और आत्मा के करीब होता है।

*edit@amarujala.com*

## जीवन धारा



**नेल्सन मंडेला**

मुझे किसी भी चीज का डर नहीं है, लेकिन अगर कोई चीज मुझे कभी मार सकती है, तो वह है उन लोगों के हिस्से में खुशी नहीं दे पाना, जिनके पास कोई संसाधन नहीं है।

### मानवीय करुणा हमें एक-दूसरे से जोड़ती है

*मैंने आजादी की ओर जाने वाले उस लंबे रास्ते पर चलना शुरू कर दिया है और कोशिश की है कि लड़खड़ाऊं नहीं। मुझे किसी भी चीज का डर नहीं है, लेकिन अगर कोई चीज मुझे कभी मार सकती है, तो वह है उन लोगों के हिस्से में खुशी नहीं दे पाना, जिनके पास कोई संसाधन नहीं है, जो गरीब हैं, अशिक्षित हैं और जानलेवा बीमारी से ग्रस्त हैं। अगर मैं अपने जीवन का एक छोटा-सा हिस्सा उन्हें खुश करने में लगा सकता हूं, तो मैं खुशी महसूस करूंगा। यह बात मेरे जेहन में हमेशा रहती है कि एक अच्छा दिमाग और एक अच्छा दिल हमेशा एक मजबूत संयोजन होता है। मानवीय गरिमा की कमी का परिणाम है कि आज बच्चे कस्बों की सड़कों पर भटकते रहते हैं, क्योंकि उनके पास स्कूल जाने के लिए पैसे नहीं हैं, उनके माता-पिता परिवार चलाने के लिए सुबह ही काम करने के लिए घर से निकल जाते हैं। इस तरह उनके पास कोई भी नहीं होता, जो उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित करे। इससे नैतिक मानकों में गिरावट आती है, अवैध कार्यों में खतरनाक वृद्धि होती है और हिंसा बढ़ती है। इन सबको रोकने के लिए समाज में शांति स्थापित करनी होगी। इसके लिए हमें शिक्षा का सहारा लेना होगा, क्योंकि शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसका उपयोग हम दुनिया बदलने के लिए कर सकते हैं। शिक्षा के बिना आपके बच्चे कभी भी उन चुनौतियों का सामना नहीं कर सकते, जिनका उन्हें सामना करना है। इसलिए बच्चों को शिक्षा देना और यह समझाना बहुत जरूरी है कि उन्हें अपने देश के लिए भूमिका निभानी चाहिए।*



*हम हर तरह की परिस्थितियों से ऊपर उठ कर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। एक चीज मैं हमेशा से ही जानता हूं कि हर इन्सान के दिल की गहराई में दया और उदारता होती है, उसे स्वयं को शिक्षित करके उन्हें बाहर लाना चाहिए। हमारी मानवीय करुणा हमें एक-दूसरे से जोड़ती है-दया या संरक्षण के भाव से नहीं, बल्कि ऐसे इन्सानों के रूप में, जिन्होंने सीखा है कि कैसे अपने साझा दुख को भविष्य की आशा में बदला जाए। एक दिन, मैं अपने घर के सामने वाले बगीचे के पास खड़ा था और मैंने एक पेड़ पर बैठी गौरैया पर बंदूक तान दी। वहीं मौजूद आर्थर की पत्नी हेजल मुझे देख रही थीं और मजाक में बोलीं कि मैं निशाना नहीं लगा पाऊंगा। लेकिन अभी उन्होंने अपनी बात पूरी ही की थी कि गौरैया जमीन पर गिर पड़ी। मैं उनकी ओर मुड़ा और शेखी बघारने ही वाला था कि हेजल का बेटा पॉल, जो तब लगभग पांच साल का था, आंखों में आंसू लिए मेरी ओर मुड़ा और बोला, आपने उस चिड़िया को क्यों मारा? उसकी मां दुखी होगी। मेरा भाव तुरंत गर्व से शर्म में बदल गया। मुझे लगा कि इस छोटे लड़के में मुझसे कहीं ज्यादा इन्सानियत है।*

### दयालु बनें

**सूत्र**

*जीवन एक मुश्किल और चुनौतीपूर्ण यात्रा हो सकता है। कई चीजों में से एक, जो इसे सार्थक बनाती है, वह है दूसरों के प्रति दयालुता और खुद के प्रति भी वही दयालुता और करुणा दिखाना। दयालुता बाधाओं को तोड़ सकती है, किसी व्यक्ति के पूरे भाव को बदल सकती है और एक चिरस्थायी रिश्ता बना सकती है। हमेशा याद रखें, दयालुता का सबसे छोटा कार्य सबसे बड़े इरादे से भी अधिक मूल्यवान है।*

## दूसरा पहलू

लंदन स्थित 'द इंडिया क्लब' को शायद ही कोई भारतीय भुला पाए। वह हमारी स्मृतियों का भंडार था।

### लंदन में बंद हुआ भारतीयों का प्रिय 'इंडिया क्लब'

**प्रवासियों** के आने की राह देखने वाला लंदन स्थित 'द इंडिया क्लब' को शायद ही कोई भारतीय भुला पाए। वह हिंदुस्तान की आजादी के आंदोलनकारियों और राष्ट्रवादियों का मात्र गढ़ ही नहीं था, बल्कि हमारी स्मृतियों का भंडार था, जिसे अब बंद करने का निर्णय ले लिया गया है। यह क्लब प्रवासी भारतीयों को परदेश में अपनेपन का एहसास करवाती थी। क्लब के बंद होने से भारतीय संस्कृति की तमाम भूली-बिसरी यादें भी धूमिल हो गईं। इसे वर्ष 1951 में वहां रहने वाले भारतीय मूल के लोगों ने स्थापित किया था। बीते 70 वर्षों से यह क्लब स्वतंत्रता की लड़ाई, सांस्कृतिक इतिहास और स्वादिष्ट भारतीय व्यंजनों का केंद्र बना हुआ था।



**रमेश ठाकुर**

'द इंडिया क्लब' बीते 70 वर्षों से स्वतंत्रता की लड़ाई, सांस्कृतिक इतिहास और स्वादिष्ट भारतीय व्यंजनों का केंद्र बना हुआ था।

भारत से लंदन पहुंचने वाला कोई भी हिंदुस्तानी उस क्लब का दीदार करना नहीं भूलता था। पिछले वर्ष सितंबर-2023 में क्लब को बंद करने का निर्णय उसके मालिकों ने लिया था। हालांकि क्लब को उसके मालिक नहीं चलाते थे, बल्कि उसके प्रोपराइटर भारतीय मूल के यॉर्कर मार्क और उनकी बेटी फिरोजा किराए पर चलाते थे। बीते एकाध दशक से क्लब के मालिक लगातार किराया बढ़ाते जा रहे थे और क्लब को खाली करने का कानूनी नोटिस भी भिजवा रहे थे। हालांकि फिरोजा ने क्लब को बचाने के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। अंततः पिछले महीने मालिकों के पक्ष में ही फैसला सुना दिया गया।



लंदन पहुंचने वाला कोई भी हिंदुस्तानी क्लब का दीदार करना नहीं भूलता था। क्लब में भारतीय परंपराओं और संस्कृतियों से जुड़ी बेशुमार निशानियां हैं। क्लब के मालिक वहां होटल बनवाना चाहते हैं।

क्लब में भारतीय परंपराओं और संस्कृतियों से जुड़ी बेशुमार निशानियां मौजूद हैं। वह टेबल-कुर्सी, जिस पर पंडित नेहरू आकर अक्सर तुलसी पत्ती की चाय पिया करते थे। उनके लिखे खत, उनके इस्तेमाल किए बर्तन इत्यादि भी क्लब में मौजूद हैं। क्लब में नेहरू, माउंटबेटन, वीके मेनन, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, दादाभाई नौरोजी के अलावा शशि थरूर, सुब्रमण्यम स्वामी जैसे मौजूदा पीढ़ी के अनगिनत नेताओं का आना-जाना हमेशा रहा। ब्रिटेन के कुछ कट्टरपंथी दशकों से इस क्लब को बंद करवाने की मांग कर रहे थे। क्लब मालिक वहां आलीशान होटल बनवाना चाहते हैं। क्लब में कुल 26 कमरे थे, भीतर एक बड़ा गार्डन और लॉन था। वहां एक साथ पांच सौ लोग समा सकते थे। क्लब पॉश इलाका 'चेरिल क्रॉस के नजदीक भूखंड संख्या-143 के स्टैंड कॉन्टिनेंटल' में स्थित है, जिसका कभी कृष्ण मेनन के नेतृत्व में इंडिया लीग के सदस्यों ने अपने करकमलों से श्रीगणेश किया था। आज उनकी आत्माएं भी रोती होंगी। उनकी तमाम यादें क्लब से जुड़ी थीं।

## आंकड़े

### इलेक्ट्रॉनिक निर्यात

तमिलनाडु ने वित्त वर्ष 23-24 में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो निर्यात के कुल हिस्से का लगभग 33 फीसदी है।

| | |
|---|---|
| तमिलनाडु | 32.84% |
| कर्नाटक | 15.78% |
| उत्तर प्रदेश | 15.32% |
| महाराष्ट्र | 10.62% |
| गुजरात | 9.43% |

आंकड़े प्रतिशत में हैं। | स्रोत : Eco. Survey

संत सुंदरमूर्ति विवाह की शर्त का उल्लंघन करने के चलते अंधे हो गए। लेकिन भगवान की भक्ति से उनकी आंखों की रोशनी लौट आई।

### संत सुंदरमूर्ति की भक्ति

**तामिल** प्रांत के एक छोटे से गांव में संत सुंदरमूर्ति का जन्म हुआ। इनके माता-पिता हमेशा भगवान शिव की भक्ति में लीन रहते और समाज सेवा में ही अपना मन लगाते थे। एक समय बाद संत सुंदरमूर्ति ने निश्चय किया कि वह गांव-गांव जाकर भगवान का गुणगान करेंगे। संत सुंदरमूर्ति कभी किसी से कोई वस्तु नहीं मांगते थे। प्रभु स्वयं उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करते थे।

एक बार एक व्यक्ति ने संत सुंदरमूर्ति को अपने घर पर आमंत्रित किया। उस व्यक्ति ने अपनी दो लड़कियां उन्हें अर्पित कर दीं। सुंदरमूर्ति ने अपने उदात्त व्यक्तित्व एवं चरित्र के कारण उन्हें अपनी कन्या मानकर स्वीकार कर लिया।

मद्रास के एक गांव में एक कन्या ने यह निश्चय कर लिया था कि किसी संत से ही विवाह करेगी या हमेशा के लिए अविवाहित रहेगी। एक दिन संत सुंदरमूर्ति उसी गांव में पहुंचे और उस कन्या से विवाह किया। शर्त यह थी कि उस गांव की सीमा से उन्हें बाहर नहीं जाना है। लेकिन संत सुंदरमूर्ति एक दिन किसी कारण गांव से बाहर चले गए। नतीजतन वह अंधे हो गए और उन्हें अन्य कई तरह के कष्ट भी झेलने पड़े। तब उन्होंने भगवान की भक्ति की और अपनी गलती के लिए क्षमा मांगी। भगवान संत सुंदरमूर्ति की भक्ति से प्रसन्न हुए और उनकी दोनों आंखों में पुन रोशनी लौट आई। उन्होंने अपने जीवनकाल में लगभग अड़तीस हजार पद लिखे।



**अंतर्यात्रा**
संकलित

## अमर उजाला
**पुराने पन्नों से** — 22 जनवरी,1961

### चीन के कारखानों में अच्छे माल का उत्पादन नहीं हो रहा



चीन के कारखानों में अच्छे माल का उत्पादन नहीं हो रहा
कम्युनिस्ट पार्टी ने स्वीकार किया

**चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने एक प्रस्ताव में यह स्वीकार किया है कि देश में भारी उद्योगों में बनने वाला माल अच्छा नहीं बन रहा। उन्होंने आगे कहा कि इन कारखानों के उत्पादन के स्तर में सुधार करना जरूरी है।**

# अश्लील वीडियो और कठघरे में नैतिकता



**जब भी कोई दुष्कर्म का मामला सुर्खियों में आता है, कुछ लोग उससे जुड़े तथाकथित वीडियो इंटरनेट पर खोजने में जुट जाते हैं।**

**मुकुल श्रीवास्तव** | **मुद्दा**

इस बदलते दौर में तकनीक ने हमारे जीवन को कई तरह से आसान बनाया है, पर इसके साथ ही मानवीय संवेदनाओं पर गहरे घाव भी किए हैं। जैसे-जैसे तकनीकी प्रगति हो रही है, हमारे समाज में संवेदनहीनता, हिंसा और आपराधिक गतिविधियों का एक नया चेहरा उभर रहा है। अब अपराधियों के पास डिजिटल तकनीक के रूप में एक ऐसा हथियार है, जिसे वे अपनी घिनौनी मंशाओं को पूरा करने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। इसी तकनीक की आड़ में अश्लील वीडियो खरीदने-बेचने का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है।

समाज का एक बड़ा तबका ऐसे वीडियो को इंटरनेट पर खोजते और देखते हुए इसे बढ़ावा दे रहा है। जब भी कोई दुष्कर्म का मामला सुर्खियों में आता है, कुछ लोग उससे जुड़े तथाकथित वीडियो इंटरनेट पर खोजने में जुट जाते हैं। पब्लिका द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट इस घिनौनी प्रवृत्ति को उजागर करती है। हाल में हुई कोलकाता की एक महिला प्रशिक्षु डॉक्टर की हत्या



और दुष्कर्म की खबरों के सुर्खियों में आने के बाद गूगल ट्रेंड्स पर पीड़िता के नाम से अश्लील वीडियो की खोज में वृद्धि देखी गई। इससे पहले जेडीएस नेता प्रज्वल रेवन्ना के कथित सेक्स स्कैंडल मामले में भी ऐसा ही देखा गया था। ऐसे वीडियो देखने वाले पीड़िता के दर्द को महज मनोरंजन का साधन समझते हैं।

भारत में दुष्कर्म और असहमति से बनाए गए सेक्स वीडियो का बड़ा कारोबार है। पहले ये वीडियो गोपनीय ढंग से सीडी और पेन ड्राइव के माध्यम से बेचे जाते थे। लेकिन इंटरनेट के आने के साथ यह काला कारोबार अब इन्क्रिप्टेड ऐप्स पर चला गया है, जहां इन वीडियो क्लिप्स को रोकना संभव नहीं है।

फैक्ट चैकिंग संस्था बूम की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इंस्टाग्राम से ये अपराधी लिंक के जरिये सामग्री को प्राइवेट टेलीग्राम चैनल पर ले जाते हैं, जहां से यह काला कारोबार होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सोशल मीडिया साइट्स पर यदि आप ऐसे एक आपत्तिजनक पेज को फॉलो करते हैं, तो एल्गोरिदम और भी ऐसे अकाउंट आपको सुझाता है। लिंक के लिए यूपीआई, इंस्टेंट पे से भुगतान करने के बाद इच्छुक ग्राहक को टैराबॉक्स और क्लाउड एग्रीगेटर ऐप्स की ओर ले जाया जाता है। जहां वे इन अवैध और अमानवीय सामग्री तक पहुंच कर उसे डाउनलोड कर सकते हैं। एक बार डाउनलोडिंग के बाद इसका पता लगाना या रोकना लगभग असंभव हो जाता है।

अमेरिकी गैर लाभकारी संस्था नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन की रिपोर्ट कहती है कि भारत दुनिया में बाल यौन शोषण सामग्री का सबसे बड़ा निर्माता है। पॉक्सो ऐक्ट जैसे कठिन प्रावधानों और सजा के बाद भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर बाल यौन शोषण सामग्री भरी हुई है। यह व्यापार इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां भी इसे रोकने में असमर्थ नजर आ रही हैं। इन चैनलों को बंद करना भी एक अस्थायी समाधान ही है, क्योंकि नए चैनल्स कुछ ही मिनटों में शुरू हो जाते हैं। इस अनैतिक व्यापार ने न केवल कानून को चुनौती दी है, बल्कि समाज की नैतिकता और संवेदनशीलता को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है। एआई जैसी तकनीक आने से अपराधियों के हौसले और बढ़ गए हैं, जहां तकनीक की मदद से सामान्य तस्वीर को फेक न्यूड तस्वीरों और डीपफेक वीडियो में बदला जा सकता है।

साल 2023 में भारत के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया कंपनियों को ऐसी सामग्रियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए नोटिस जारी किया था। इसके बाद यूट्यूब ने अपनी नई कम्युनिटी गाइडलाइंस के मुताबिक, अक्तूबर से दिसंबर के बीच करीब 25 लाख वीडियो को अपने प्लेटफॉर्म से हटाया था। वहीं, टेलीग्राम पर 'स्टॉप चाइल्ड अब्यूज' चैनल के डेटा के मुताबिक, इस साल अब तक करीब छह लाख 70 हजार चैनल्स को बैन किया जा चुका है। पॉर्नोग्राफी और इस तरह की यौन हिंसा के वीडियो देखने की आदत के बीच गहरा ताल्लुक है। मनोचिकित्सक मानते हैं कि ऐसी सामग्री देखने से व्यक्ति की यौन और हिंसा के प्रति सामान्य दृष्टि विकृत हो गई है। यौन शिक्षा की कमी वाले भारत जैसे देश में यह समस्या को और गंभीर बना देती है। मंकी इनसाइडर की रिपोर्ट के मुताबिक, पॉर्न वीडियो देखने के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर आता है, जिनमें 18 से 24 साल के युवाओं की संख्या 24 प्रतिशत है।

जाहिर है, इस समस्या का समाधान हम सिर्फ कानून से नहीं, बल्कि जागरूकता बढ़ाकर ही कर सकते हैं। हमें ऐसी सामग्री के खिलाफ खड़ा होना पड़ेगा और समझना होगा कि ऐसे वीडियो पर हर क्लिक, हर शेयर किसी की जिंदगी को तबाह कर सकता है।

## निवेश मंत्रा

इस समय दुनियाभर के शेयर बाजारों में उथल-पुथल है। ऐसे में म्यूचुअल फंड का हाइब्रिड फंड एक पसंदीदा निवेश साधन बनता जा रहा है। इस फंड में जोखिम कम और रिटर्न अच्छा मिल रहा है। इसमें निवेश का गणित बताती **अजीत सिंह** की रिपोर्ट-

# बाजार के उथल-पुथल में हाइब्रिड फंड पसंदीदा साधन




दुनियाभर के बाजारों में उथल-पुथल के संकेत दिखाई देने के बीच म्यूचुअल फंड निवेशक निवेश करने के लिए सुरक्षित साधनों की तलाश रहे हैं। एसेट अलोकेशन और स्थिरता को देखते हुए फंड हाउस हाइब्रिड फंडों की ओर रुख कर रहे हैं। हाइब्रिड फंडों का एसेट अंडर मैनेजमेंट यानी निवेशकों के निवेश का मूल्य (एयूएम) इस साल अगस्त में बढ़कर 8.61 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। हाइब्रिड फंड में अभूतपूर्व वृद्धि इन फंडों के नेचर से प्रेरित है।

### दो या ज्यादा परिसंपत्तियों में निवेश

हाइब्रिड फंड दो या दो से अधिक एसेट क्लास में निवेश करते हैं। इनमें आमतौर पर मुख्य रूप से इक्विटी और डेट के अलावा सोना और चांदी जैसी कमोडिटीज भी शामिल होती हैं। ये फंड जोखिम व रिटर्न को संतुलित करने के लिए विविधीकरण व एसेट अलोकेशन का ऑफर करते हैं।

- हाइब्रिड म्यूचुअल फंड अनिवार्य रूप से एक ही उत्पाद में कई एसेट क्लास में से सर्वश्रेष्ठ की पेशकश करने का प्रयास करते हैं। जब बाजार ऊंचाई पर होते हैं, तो फंड में इक्विटी अच्छा रिटर्न देता है।
- डेट स्थिरता प्रदान करता है। ये फंड इक्विटी के माध्यम से लंबे समय में बेहतर रिटर्न और डेट के माध्यम से अल्पकालिक स्थिरता और नियमित आय प्राप्त करने में मदद करते हैं।

### विविधीकरण के साथ कम अस्थिरता का लाभ

हाइब्रिड फंड कई लाभ प्रदान करते हैं। इनमें पूंजी में वृद्धि भी शामिल है क्योंकि इक्विटी से धन बढ़ता है। फंड के डेट हिस्से के कारण निवेशकों को कम अस्थिरता से भी लाभ होता है।

- हाइब्रिड फंड विविधीकरण की सुविधा देते हैं। यह एक महत्वपूर्ण लाभ है क्योंकि ये फंड न केवल विभिन्न एसेट क्लास में बल्कि लार्जकैप, मिडकैप व स्मॉलकैप शेयरों में भी विविधता लाते हैं।
- हाइब्रिड फंड सक्रिय पुनर्संतुलन की भी पेशकश करते हैं। प्रत्येक फंड हाउस हाइब्रिड फंडों का मिश्रण प्रदान करता है।

### एक साल में 35 फीसदी तक का मिला रिटर्न

इस समूह में अग्रणी निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड के कुछ फंडों ने अपने निवेशकों को पिछले एक साल में आकर्षक रिटर्न दिया है। इस अवधि में इसके मल्टी एसेट फंड ने 35.82 फीसदी और बैलेंस्ड एडवांटेज फंड ने 25.75 फीसदी का रिटर्न दिया है।

- आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, एसबीआई, कोटक म्यूचुअल फंड व आदित्य बिरला जैसे फंड हाउस भी कई हाइब्रिड फंड पेश करते हैं।

*हाइब्रिड फंड एक ही फंड के जरिये कई संपत्तियों में निवेश की सुविधा देकर अनूठा लाभ प्रदान करते हैं। इससे अलग-अलग साधनों में निवेश की जरूरत समाप्त हो जाती है। -राहुल शाह, निवेश सलाहकार*

# रिकॉर्ड कीमतों के बाद भी धनतेरस पर सोना खरीदना फायदे का सौदा

## मजबूत त्योहारी मांग से घरेलू बाजार में रिकॉर्ड 80,000 के करीब पहुंचा सोना

कालीचरण

त्योहारी सीजन में मजबूत मांग के कारण सोने की कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में भी बहुमूल्य धातु को समर्थन मिल रहा है। घरेलू बाजार में इसकी कीमत रिकॉर्ड 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गई है। हालिया तेजी के बावजूद धनतेरस पर सोना खरीदना रिटर्न के लिहाज से मुनाफे का सौदा साबित हो सकता है।

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि दुनियाभर में चुनौतियों और अमेरिकी बॉन्ड पर रिटर्न में गिरावट से सोने की कीमतों को समर्थन मिल रहा है। वैश्विक बाजार में भी यह नई ऊंचाई पर पहुंच गया है।



### पांच वजहों से बरकरार है चमक

- कोटक सिक्योरिटीज की उपाध्यक्ष (कमोडिटी रिसर्च) कायनात चैनवाला का कहना है कि त्योहारों में खरीदारी बढ़ने से घरेलू सोने की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।
- प्रमुख केंद्रीय बैंकों की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से सोने में तेजी बनी है।
- पश्चिम एशिया में तनाव के बीच केंद्रीय बैंकों ने सोने की खरीदारी बढ़ा दी है।
- अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पर स्थिति स्पष्ट नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप व कमला हैरिस में बराबर की टक्कर देखने को मिल रही है।
- सरकार की ओर से कस्टम शुल्क में कटौती से भी कीमती धातु की खरीदारी बढ़ी है।

### आगे भी तेजी बनी रहने की है उम्मीद

- सोने की खरीदारी को लेकर धारणा बेहतर बनी हुई है। पिछले एक साल में सोने ने अपने निवेशकों को 30 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है।
- त्योहारी मांग व मौजूदा स्थिति को देखते हुए आगामी महीनों में इसमें 10 फीसदी तक बढ़त संभव है।
- हालिया महीनों में एमसीएक्स गोल्ड में 25 फीसदी व अंतरराष्ट्रीय बाजार में 40 फीसदी की तेजी रही।

### सेंसेक्स और चांदी से अधिक रिटर्न

| साधन | 10 नवंबर, 2023 | 18 अक्तूबर, 2024 | मुनाफा |
|---|---|---|---|
| सोना | 61,200 | 79,900 | 30.55% |
| चांदी | 74,000 | 94,500 | 27.70% |
| सेंसेक्स | 64,904.68 | 81,224.75 | 25.14% |
| निफ्टी | 19,425.35 | 24,854.05 | 27.94% |

*(सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम और चांदी की प्रति किलोग्राम में, सेंसेक्स व निफ्टी के आंकड़े शेयर बाजार बंद होने के बाद के)*

### 87,000 तक का छू सकता है स्तर

धनतेरस पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है। कीमतों में उछाल के बावजूद इसमें बेहतर रिटर्न की उम्मीद दिखाई दे रही है। सुरक्षित निवेश मांग के कारण विदेशी बाजार में सोना रिकॉर्ड 2,700 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गया है। घरेलू बाजार में यह आने वाले महीनों में 85,000 से 87,000 का स्तर छू सकता है। -कायनात चैनवाला, उपाध्यक्ष (कमोडिटी रिसर्च) कोटक सिक्योरिटीज



## निवेश-बचत
## लाइफ & मनी

त्योहारी सीजन में हर चीज पर सेल चल रही है। इन्हें खरीदकर लोग खुद को त्योहारों का हिस्सा मानने लगते हैं। हम सभी खरीदारी के प्रति इतने जुनूनी हो गए हैं कि इसे समय बिताने या दोस्तों में अपनी साख बनाने का साधन मानने लगे हैं। ये गैर-जरूरी खर्चे आने वाले समय में वित्तीय संकट की वजह बनते हैं।

# गैर-जरूरी खर्चे यानी वित्तीय संकट को न्योता

**नारायण कृष्णमूर्ति**
आर्थिक सलाहकार



मैंने कई लोगों को दशहरा और दिवाली की खरीदारी के लिए सीजन सेल का इंतजार करते देखा है। आजकल युवा जश्न मनाने के मूड में इतने डूबे हैं कि वे अपने सामने आने वाली हर चीज की खुशी मनाते हैं। जैसे...वैलेंटाइन डे, होली, तीज, रक्षाबंधन, जन्मदिन, ट्री डे आदि। लोगों में खरीदारी का यह जुनून बिक्री के लिहाज से बाजार के लिए बढ़िया प्रोत्साहन है।

देव मेरे अपार्टमेंट में रहने वाले 29 वर्षीय युवा पिता हैं। उनकी एक बेटी है। देव ने कॉलेज में अच्छा प्रदर्शन किया और बेसिक ग्रेजुएशन के बावजूद एक प्रमुख आईटी कंपनी में अच्छे वेतन पर नौकरी पा ली। अपने पिता के सीमित साधनों के बावजूद वह जीवन में अच्छी चीजों का आनंद लेना चाहते थे। उन्होंने पिता की इच्छा के विरुद्ध नौकरी के एक साल के भीतर सेकंड हैंड कार खरीद ली। पिछले 7-8 वर्षों में उन्होंने एक नई कार खरीद ली है। मैं उन्हें सुंदर कपड़े पहने हुए और अपनी चीजों के साथ दिखने में खुश रहने वाले व्यक्ति के रूप में पाता हूं।

### वेतन वृद्धि की उम्मीद में न बढ़ाएं खर्च

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान मैंने देव को थोड़ा विचलित पाया। पूछने पर उन्होंने बताया कि कंपनी ने उनका प्रमोशन नहीं किया। इसका मतलब है कि उन्हें वह वेतन वृद्धि नहीं मिलेगी, जिसकी उन्हें उम्मीद थी। मैंने मान लिया था कि यह देव के लिए इतना बड़ा मामला नहीं है। लेकिन, मैं गलत था। कुछ दिन पहले हम संयोग से दशहरा में पूजा के पहले दिन मिले। मैंने उनसे पूछा कि क्या वह मुझसे अपने फाइनेंसेस पर बात करने के लिए आ सकते हैं और अगले एक घंटे में जो कुछ हुआ, वह बहुत परेशान करने वाला था।

### सामर्थ्य के आधार पर लें फैसला

*मुझे लगता है कि भले ही किसी का बचपन अभावों में गुजरा हो, लेकिन जब वह कमाने लगता है तो उसे अपने वित्तीय मामलों में कोई गड़बड़ी नहीं करनी चाहिए। उसे अपनी जरूरत और सामर्थ्य के आधार पर ही वित्तीय फैसले लेने चाहिए।*

- मैंने देव से कहा कि वह अपने पिता से बात करें ताकि अपने कर्ज को कम कर सकें और अपने घर को व्यवस्थित करने के बारे में समझ सकें।
- एक बार जब आप आवेग में होने वाली खरीदारी को बंद कर देते हैं, तो संभावना है कि आप अपने वित्तीय जीवन को नियंत्रित करने में सक्षम होंगे। साथ ही, बचत और निवेश पर ध्यान देना सुनिश्चित करेंगे।
- इस तरह, आप वित्तीय स्थिरता और आराम के साथ भविष्य के लिए बेहतर योजना बना सकते हैं।

### वित्तीय जिम्मेदारियों का रखें ध्यान

देव अपने माता-पिता के उनके घर में रह रहे हैं। किसी अजीब कारण से वह अपनी आय का अधिकांश हिस्सा सिर्फ अपनी जीवनशैली को बनाए रखने में खर्च कर रहा है और घर के नियमित खर्चों पर बहुत कम। उनके पिता सेवानिवृत्त हो गए हैं। वह देव से घर की कुछ जिम्मेदारियां उठाने की उम्मीद कर रहे हैं। वह चाहते हैं कि देव घर के मेंटेनेंस, बिजली और नियमित किराना खर्चों का भुगतान करे। उनके पिता के दृष्टिकोण से यह एक वैध बिंदु है। लेकिन, देव का कहना है कि कार की ईएमआई, पांच साल की बेटी की स्कूल फीस और कपड़ों व गैजेट्स पर उनके नियमित खरीदारी के खर्चों के भुगतान के बाद ज्यादा पैसे नहीं बचते हैं।

### अपने फाइनेंस को दें प्राथमिकता

महंगाई और बढ़ते कर्ज के बीच देव कार, मोबाइल, टैबलेट, छुट्टियों और कपड़ों का खर्च वहन कर रहे हैं। वह अपनी आय का 60 फीसदी हिस्सा उन चीजों की खरीदारी पर लिए गए कर्ज का भुगतान करने में खर्च कर रहे हैं, जिनकी वह वास्तव में आज कीमत नहीं लगा पा रहे हैं। वह कभी-कभी क्रेडिट कार्ड के बिल का भुगतान करने में चूक जाते हैं। आमतौर पर डरते हैं कि वह अपने पिता की ओर से दिए गए खर्चों का भुगतान नहीं कर पाएंगे। मैंने कहा, वह इन चुनौतियों के संबंध में अपने पिता से बात करें। दुर्भाग्य से यह कई अच्छी कमाई करने वाले युवाओं के साथ होता है। उनमें अपने फाइनेंसस को प्राथमिकता देने की समझ नहीं होती है।



## धन की बात

### सवाल आपका

**इस त्योहारी सीजन में अपने घर के डाउन पेमेंट के लिए सोने के गहनों के बदले उधार लेने की योजना बना रहा हूं। क्या यह एक अच्छा कदम है?** -राजेश सिंह, मुरादाबाद

**जवाब :** किसी भी वित्तीय आपात स्थिति में सोना आपकी मदद कर सकता है। बैंक और एनबीएफसी सोने पर कर्ज देते हैं, जिसका इस्तेमाल डाउन पेमेंट के लिए किया जा सकता है। अपने सोने के गहनों के बदले उधार लेना अच्छा विचार है, ताकि आप इससे मिलने वाले पैसे का इस्तेमाल घर बनाने में कर सकें। बस यह सुनिश्चित करें कि आप इस कर्ज के भुगतान में न चूकें। कर्ज नहीं चुकाने पर आप अपने गहने खो देंगे। गोल्ड लोन में आमतौर पर तेज प्रोसेसिंग और लचीले पुनर्भुगतान विकल्प होते हैं। बस इस बात का ध्यान रखें कि अपने सोने के बदले उधार लेते समय खुद पर ज्यादा बोझ न डालें।

# अपराध की काली दुनिया

**पंजाब के फाजिल्का की अबोहर तहसील के गांव दूतारवली के लॉरेंस बिश्नोई का सपना धावक बनने का था, मगर कॉलेज की राजनीति और अपराधियों की संगत में जरायम की काली दुनिया का ऐसा नाम बन गया, जिसकी चर्चा हर जगह हो रही है। पंजाब से लेकर दिल्ली, यूपी, हरियाणा और महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि कनाडा और अमेरिका तक फैली जुर्म की दुनिया में 80 से ज्यादा गैंगस्टर और करीब 700 से ज्यादा शूटरों का उसका संगठित गैंग है। हाल में लॉरेंस गैंग ने मुंबई में एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का भी उसी पर आरोप है। चंडीगढ़ से अपराध जगत में लॉरेंस की एंट्री और दिल्ली से उसके बढ़ते काले साम्राज्य की कहानी पर पुरुषोत्तम वर्मा की रिपोर्ट...**

# लॉरेंस बिश्नोई...चंडीगढ़ से अपराध में उतरा भारत से कनाडा-अमेरिका तक फैली दहशत

**बाबा सिद्दीकी की हत्या से फिर चर्चा में मूसेवाला की जान लेने का भी है आरोप**

चंडीगढ़ में इंटरमीडिएट की पढ़ाई के दौरान खेलों से लगाव और धावक बनने की चाह में लॉरेंस बिश्नोई रोजाना प्रैक्टिस के लिए पंजाब यूनिवर्सिटी जाया करता था। यहां उसकी मुलाकात लेखप्रीत व रोमी से हुई। संदीप उर्फ काला जठेड़ी समेत कई गैंगस्टरों का करीबी लेखप्रीत इस समय कनाडा में है। सप्ताह के आखिर में दोस्तों का यह गैंग अक्सर यूनिवर्सिटी में होने वाले कार्यक्रम देखने जाते। यहीं लॉरेंस की दोस्ती कानून की पढ़ाई कर रहे कुछ दोस्तों से हुई। वर्ष 2007 में लॉरेंस ने भी लॉ की पढ़ाई के लिए एडमिशन ले लिया। यहां संपत नेहरा से उसका याराना हो गया। इन्हीं दोस्तों ने मिलकर स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन ऑफ पंजाब यूनिवर्सिटी यानी एसओपीयू नाम से एक ग्रुप बनाया और कॉलेज चुनाव में उतर गए। प्रचार के दौरान विरोधी गुट से झगड़ा हुआ तो लॉरेंस ने फायरिंग कर दी। यह पहला नामजद केस था, जिससे लॉरेंस ने अपराध की दुनिया में एंट्री ली।

**लॉरेंस जितनी बार अलग-अलग जेलों में रहा, उसका आपराधिक कुनबा उतना ही ज्यादा बढ़ता गया।**

गैंगस्टर और अपराधियों से दोस्ती के साथ जल्द नाम व पैसा कमाने की चाहत लिए नए-नवेले बदमाशों को शामिल कर लॉरेंस ने खतरनाक गिरोह की नींव रखी। इनमें कई गिरोह तो अब भी लॉरेंस के साथ हैं। उसके एक मामा सेशन कोर्ट से रिटायर्ड जस्टिस हैं, जबकि दूसरे देश के खुफिया विभाग से सेवानिवृत्त हैं।

**पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला और करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के पीछे भी लॉरेंस गैंग का हाथ होने का आरोप है।**

### लॉरेंस के विदेश में बैठे साथी

- कनाडा-गोल्डी बराड़, लेखप्रीत (फरीदकोट), सत्यवीर सन (अबोहर)
- अमेरिका-घरमान कहलोन (कैलिफोर्निया), गुरप्यार बागापुराना, वीरेंदर (कैलिफोर्निया), अनमोल बिश्नोई (लॉरेंस का छोटा भाई), अमनदीप मुल्तानी
- इंग्लैंड-राजा उर्फ मोंटी
- थाईलैंड-मनीष भंडारी
- पुर्तगाल-लखा कुरुक्षेत्र

### कई बड़े गैंग भी लॉरेंस के साथ

सुखविंदर ग्रुप, जग्गू भगवानपुरिया, राजस्थान का आनंदपाल गैंग, यूपी का बृजेश सिंह, धनंजय सिंह, बिहार का अनंत सिंह, राजन तिवारी, हरियाणा का काला जठेड़ी, गोगी गैंग और दिल्ली का हाशिम बाबा गैंग

### आतंकी लिंक

पाकिस्तान में बैठे खालिस्तान समर्थक आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा से लॉरेंस का लिंक कई बार सामने आया है।

### इन गैंग से है दुश्मनी

देवेंद्र, जयपाल भुल्लर, कौशल चौधरी, शेरा कुर्बान, नीरज बवाना।

**पाकिस्तान में रह रहा आतंकी हरविंदर भी इसी के शूटरों की लेता है मदद**




### पूरे उत्तर भारत में फैला है गिरोह

एनआईए के अनुसार लॉरेंस का गिरोह पहले पंजाब तक ही सीमित था, लेकिन अपने करीबी सहयोगी गोल्डी बरार की मदद से लॉरेंस ने एक बड़ा नेटवर्क तैयार कर लिया। अब यह गिरोह पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, राजस्थान और झारखंड सहित पूरे उत्तर भारत में फैल चुका है। बाबा सिद्दीकी को गोली मारने के मामले में पकड़े गए दो शूटर यूपी के ही हैं।

एनआईए के अनुसार, पाकिस्तान स्थित खालिस्तान समर्थक आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा पंजाब में हत्याओं व अपराधों को अंजाम देने के लिए लॉरेंस के शूटरों का ही इस्तेमाल करता है।

## दिल्ली पुलिस ने नकेल डाली तो सबसे ज्यादा कुनबा भी यहीं बढ़ा



**लॉरेंस पर दिल्ली पुलिस ने ही नकेल डाली थी। तिहाड़ और मंडोली जेल में उस पर उसके साथियों के खिलाफ मकोका लगाया गया। हालांकि यह बात अलग है कि उसका आपराधिक कुनबा दिल्ली की जेलों में ही सबसे ज्यादा बढ़ा।**

- दिल्ली की जेलों उसके गिरोह के साथ सबसे ज्यादा 40 से ज्यादा गैंगस्टर जुड़े। दिल्ली पुलिस नादिरशाह हत्याकांड समेत दिल्ली में कई रंगदारी मांगने के मामले में पूछताछ करना चहाती है।
- इस समय लॉरेंस गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। सरकार ने उस पर एक साल तक साबरमती जेल से बाहर ले जाने पर प्रतिबंध लगा रखा है।

### कनाडा व अमेरिका में बनाई म्यूजिक कंपनी

लॉरेंस का गुर्गा गोल्डी बराड़ कनाडा व अमेरिका में म्यूजिक और इवेंट कंपनी चला रहा है। इसके लिए समारोह में पंजाब के कई नामी गायकों को बुलाया गया था। गोल्डी बराड़ एक गाने के बदले में इनको 20 लाख तक का पेमेंट करता है। पंजाब के कई नामचीन गायक गोल्डी बराड़ के संपर्क में हैं। सिद्धू मूसेवाला की हत्या, गिप्पी ग्रेवाल व एपी ढिल्लों के घर पर फायरिंग में इसका हाथ है।

## हरियाणा के गिरोह जुड़ते गए...बढ़ता गया दबदबा

**काला जठेड़ी, राजू बसौदी और अक्षय पलड़ा गैंग का नाम लॉरेंस से जुड़ा ■ मूसेवाला की हत्या में दो शूटर यहीं से पकड़े गए**

सोनीपत। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नेटवर्क हरियाणा में भी फैला हुआ है। उसके कई साथी सोनीपत के हैं। इनमें तीन गैंगस्टर काला जठेड़ी, राजू बसौदी और अक्षय पलड़ा का नाम सबसे ऊपर है। पंजाब के सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में भी सोनीपत के प्रियव्रत फौजी व सेरसा के अंकित का नाम जुड़ा था। पिछले साल सोनीपत में बंबीहा गैंग के गैंगस्टर दीपक मान की हत्या में भी जेल में बंद मोनू डागर का नाम आया था।

लॉरेंस गैंग से जुड़ा अक्षय तो परिवार में झगड़े के बाद 15 वर्ष की उम्र में ही अपराध जगत में उतर गया था। पांच साल पहले पंजाब में अक्षय गिरफ्तार हुआ, तो पुलिस भी उसके कारनामे सुनकर अचंभित रह गई थी। तब 19 साल के रहे अक्षय ने 15 हत्याओं में शामिल रहने के साथ ही 25 वारदातें कबूल की थीं। इनमें कई हत्याएं तो अक्षय ने लॉरेंस गैंग के सहयोगी संपत नेहरा के साथ मिलकर की थीं। संदीप उर्फ काला जठेड़ी अलग-अलग गैंग से मिलकर अपनी ताकत बढ़ाता रहा है। लॉरेंस गैंग से जुड़ने के बाद वह अपराध जगत में तेजी से बढ़ता गया। हत्या, लूट, रंगदारी और पुलिस मुठभेड़ जैसे मामलों में नामजद रहा है। गिरफ्तारी से पहले उस पर सात लाख रुपये का इनाम था। लॉरेंस के जेल जाने के बाद उसका गैंग राजू बसौदी संभाल रहा था। एसटीएफ ने राजू को गिरफ्तार किया तो कस्टडी से भागे काला जठेड़ी ने कमान संभाल ली थी। संवाद

### गुर्गे देश-विदेश में चला रहे गैंग

**रोहित गोदारा:** विदेश में बैठा बीकानेर निवासी गोदारा 32 मामलों में वांछित है। उसने हाल ही में राजस्थान के दो व्यापारियों से 5 करोड़ और 17 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी।

**गोल्डी बराड़:** सतविंदर सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ के खिलाफ पंजाब- हरियाणा में 54 मामले दर्ज हैं, जिनमें से 24 जबरन वसूली से जुड़े हैं।

**काला जठेड़ी:** हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला काला जठेड़ी उर्फ संदीप झांझरिया तिहाड़ जेल में बंद है।

**अनमोल बिश्नोई:** लॉरेंस का भाई अनमोल उर्फ भानु सिद्धू मूसेवाला की हत्या में भी आरोपी है।

**सचिन बिश्नोई:** सचिन फाजिल्का जिले का रहने वाला है। सिद्धू मूसेवाला की हत्या में कथित रूप से शामिल सचिन बिश्नोई उर्फ सचिन थापन को अगस्त 2023 में अजरबैजान के बाकू से भारत प्रत्यर्पित किया गया था। सचिन ने एक इंटरव्यू में कहा कि लॉरेंस उसका मामा है और उसने खुद मूसेवाला को गोली मारी थी।

**कपिल सांगवान:** सांगवान अभी परिवार के साथ यूके में रहता है। इनेलो की हरियाणा इकाई के प्रमुख नफे सिंह राठी की हत्या की साजिश के बाद उसे शीर्ष पांच वांछित गैंगस्टरों की सूची में शामिल किया गया।

# भारत की डिजिटल क्रांति दुनिया के लिए मिसाल लोगों के जीवन को बना रही आसान : प्रो. पॉल

## नोबेल विजेता अर्थशास्त्री ने डिजिटल इंडिया पहल के लिए पीएम मोदी को सराहा

**नई दिल्ली।** नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर पॉल माइकल रोमर ने भारत की डिजिटल क्रांति सराहना की है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने इसके माध्यम से लोगों के जीवन को न सिर्फ आसान और सरल बनाया है, बल्कि दुनिया के सामने भी एक मिसाल पेश की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल इंडिया पहल को 1 जुलाई, 2015 को लॉन्च किया था, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को हाई-स्पीड इंटरनेट नेटवर्क से जोड़ना और डिजिटल साक्षरता में सुधार करना है।

भारत की यात्रा पर आए नोबेल पुरस्कार विजेता ने आम लोगों तक डिजिटल पहुंच को आगे बढ़ाने और इसे देश के हर कोने तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत की डिजिटल क्रांति बहुत दिलचस्प है क्योंकि इसका उपयोग सरकार की ओर से समाज के सभी सदस्यों को लाभ प्रदान करने के लिए किया जा रहा है। यह दुनिया के अधिकांश देशों से बहुत अलग है, जहां कुछ ही लोगों को इसका लाभ मिलता है। भारत की कहानी अनूठी है क्योंकि यहां सभी को इसका लाभ मिल रहा है। प्रोफेसर पॉल ने भारत के डिजिटल परिवर्तन के एक अनूठे पहलू की ओर इशारा किया और कहा कि इसका अनुकरण करके दक्षिण एशियाई राष्ट्र भारी लाभ उठा सकते हैं। इस सवाल पर कि भारत की डिजिटल सफलता दक्षिण एशियाई देशों के लिए एक आदर्श कैसे बन सकती है, उन्होंने कहा कि यूपीआई, आधार, डीबीटी और डिजिलॉकर जैसी अन्य ऑनलाइन सेवाओं ने जबरदस्त सफलता दिखाई है। दक्षिण एशियाई देश इनका अनुकरण कर अपने यहां भी इस तरह की सफलता की कहानी लिख सकते हैं। उन्होंने कहा कि अन्य देशों, विशेष रूप से दक्षिण एशियाई देशों को यह विश्वास होना चाहिए कि अगर भारत यह कर सकता है तो हम भी कर सकते हैं। एजेंसी


अर्थशास्त्री प्रोफेसर पॉल माइकल रोमर

# मुइज्जू ने मालदीव में यूपीआई शुरू करने का फैसला किया

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कैबिनेट की सिफारिश के बाद अपने देश में भारत के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) शुरू करने का फैसला किया है। यूपीआई भुगतान करने की डिजिटल प्रणाली है। भारत में विकसित यूपीआई को कई देश इस्तेमाल कर रहे हैं।



इस महीने की शुरुआत में मुइज्जू के दौरे के दौरान भारत ने डिजिटल और वित्तीय सेवाओं के कार्यान्वयन में अपनी विशेषज्ञता साझा करने और यूपीआई के लिए मालदीव में जरूरी ढांचा के विकास पर काम करने की सहमति जताई थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर के हालिया मालदीव दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच यूपीआई को लेकर एक समझौता हुआ था। इसके तहत मालदीव यूपीआई अपनाने को तैयार हुआ था। मुइज्जू के इस फैसले से मालदीव की अर्थव्यवस्था को लाभ मिलने की संभावना है। भारतीय पर्यटक मालदीव में यूपीआई से सीधे भुगतान कर सकेंगे। एजेंसी

# वाहनों का निर्यात 14 फीसदी बढ़ा

## सियाम के आंकड़े...लैटिन अमेरिका और अफ्रीका जैसे बाजारों में सुधार का असर

**नई दिल्ली।** देश से वाहनों का निर्यात चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में सालाना आधार पर 14 फीसदी बढ़कर 25,28,248 इकाई पहुंच गया। यात्री आर दोपहिया वाहनों में तेजी से निर्यात बढ़ा है। एक साल पहले की समान अवधि में कुल 22,11,457 वाहनों की निर्यात किया गया था।

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-सितंबर में कुल 3,76,679 यात्री वाहनों का निर्यात किया गया। यह आंकड़ा एक साल पहले की तुलना में 12 फीसदी अधिक है। दोपहिया वाहनों का निर्यात सालाना आधार पर 16 फीसदी बढ़कर



19,59,145 इकाई पहुंच गया। इनमें स्कूटर के निर्यात में 19 फीसदी और मोटरसाइकिल में 16 फीसदी की तेजी दर्ज की गई। वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात 12 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 35,731 इकाई पहुंच गया। हालांकि, तिपहिया वाहनों का निर्यात एक फीसदी घटकर 1,53,199 इकाई रह गया।

सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका जैसे बाजार जहां किसी न किसी वजह से सुस्ती थी, वहां अब स्थिति में सुधार हुआ है। इस वजह से निर्यात में उछाल आया है। ब्यूरो

### मारुति सुजुकी शीर्ष पर

चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में मारुति सुजुकी 1,47,063 वाहनों के निर्यात के साथ शीर्ष पर रही। कंपनी का निर्यात 12 फीसदी बढ़ा है। हालांकि, ह्युंडई मोटर इंडिया का निर्यात एक फीसदी घटकर 84,900 इकाई रह गया।

- **2023-24 में 5.5 फीसदी की गिरावट**...विभिन्न विदेशी बाजारों में मौद्रिक संकट के कारण 2023-24 के दौरान वाहन निर्यात में 5.5 फीसदी की गिरावट आई थी। इस दौरान कुल 45,00,492 वाहनों का निर्यात किया गया, जबकि 2022-23 में यह आंकड़ा 47,61,299 था।

## न्यूज डायरी

### बाबा केदार व बदरीनाथ के दरबार पहुंचे उद्योगपति मुकेश अंबानी



**बदरीनाथ (चमोली)।** उद्योगपति मुकेश अंबानी ने रविवार को बाबा केदार और बदरीविशाल के दर्शन किए। उन्होंने बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति को 2.51 करोड़ का चेक भेंट किया। मुकेश अंबानी रविवार सुबह नौ बजे बदरीनाथ धाम पहुंचे और वेदपाठ पूजा संपन्न की। इसके बाद वह केदारनाथ के लिए रवाना हो गए। संवाद

### ईटीपी में जहरीली गैस से दो कामगारों की मौत, केस दर्ज

**नालागढ़ (सोलन)।** नालागढ़ के पलासड़ा स्थित अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र (ईटीपी) में दो कामगारों की मौत हो गई। बेहोशी की हालत में दोनों को अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण जहरीली गैस बताया जा रहा है। मृतकों की पहचान स्थानीय राजू राम और यूपी के बकोटा बडौन के जखुला गांव निवासी प्रदीप के रूप में हुई। संवाद

### एक नवंबर को बीएसई-एनएसई पर एक घंटे का मुहूर्त कारोबार

**नई दिल्ली।** दिवाली पर बीएसई और एनएसई पर एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबार एक नवंबर को आयोजित किया जाएगा। यह नए संवत 2081 की शुरुआत का प्रतीक होगा। शेयर बाजारों ने अलग-अलग सर्कुलर में कहा, मुहूर्त कारोबार शाम छह से सात बजे के बीच होगा। प्री-ओपनिंग सेशन यानी बाजार खुलने से पहले का सत्र शाम 5:45 से 6:00 बजे तक होगा। मान्यता है कि मुहूर्त कारोबार से निवेशकों को पूरे साल लाभ मिलता है। ब्यूरो

### पंजाब : बंबीहा-कौशल गैंग के 5 बदमाश गिरफ्तार, हथियार जब्त

**जालंधर।** जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने रविवार को बंबीहा-कौशल गिरोह के पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से 9 हथियार बरामद किए हैं। पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा ने बताया कि इन गिरफ्तारियों से पुलिस ने तीन हत्याएं टाल दी हैं। शर्मा ने बताया कि इन आरोपियों के पास से आठ पिस्तौल, एक रिवॉल्वर और 15 कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपियों की पहचान जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सा, हर्षदीप सिंह, शेखर, गगनदीप सिंह और अमित सहोता के रूप में हुई है। संवाद

### राजस्थान : शिक्षक ने छड़ी से तोड़ा बच्ची का हाथ, एफआईआर दर्ज

**कोटा।** मोड़क थाना क्षेत्र के तेलिया खेड़ी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक अब्दुल अजीज ने छड़ी मारकर 5वीं की 10 वर्षीय छात्रा का हाथ तोड़ दिया। वह चटाई ठीक से न मोड़ने पर छात्रा पर नाराज था। इस वजह से उसने छात्रा की बांह में छड़ी मार दी। अधिकारियों ने कहा कि शनिवार को हुई घटना के संबंध में शिक्षक अजीज के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शिक्षा विभाग ने भी उनके खिलाफ जांच शुरू की है। लड़की की रविवार सुबह मेडिकल जांच कराई गई। ब्यूरो

### रेवाड़ी में राजस्थान के पुलिसकर्मी का शव मिला, हादसे की आशंका

**बावल (रेवाड़ी)।** दिल्ली-जयपुर हाईवे पर असाही पुल के पास नाले में राजस्थान पुलिस के सिपाही का शव मिला है। सिर और पैर में गंभीर चोट के निशान मिले हैं। प्रथमदृष्ट्या हादसे से मौत की आशंका जताई जा रही है। जेब से मिले आई कार्ड में मृतक की शिनाख्त खैरथल तिजारा (राजस्थान) के गांव मानका निवासी उपेंद्र सिंह के रूप में हुई। उपेंद्र राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल था। ब्यूरो

# बंगाल की खाड़ी में 23 तक चक्रवाती तूफान की आशंका, ओडिशा और बंगाल में अलर्ट

## मौसम विभाग ने तेज हवा के साथ भारी बारिश की संभावना जताई

**भुवनेश्वर।** बंगाल की खाड़ी में 23 अक्तूबर तक चक्रवाती तूफान आने की आशंका जताई गई है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्र इस चक्रवाती तूफान की चपेट में आ सकते हैं। इस दौरान वहां तेज हवा के साथ भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

आईएमडी ने एक विशेष बुलेटिन जारी कर कहा है कि अगले 24 घंटों के दौरान अंडमान सागर पर बने एक चक्रवाती उच्च प्रभाव के सोमवार तक कम दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील होने की आशंका है। बुलेटिन के मुताबिक, इस मौसम प्रणाली के पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ने और 22 अक्तूबर की सुबह तक अवदाब में तब्दील होने व 23 अक्तूबर तक पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है। चक्रवाती तूफान बंगाल की खाड़ी में उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए 24 अक्तूबर की सुबह तक ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों से टकरा सकता है।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि मौसम की यह प्रणाली एक गंभीर चक्रवाती तूफान का रूप ले सकती है। उन्होंने एक स्थानीय टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि तटीय क्षेत्र में कुछ स्थानों पर 24-25 अक्तूबर को 20 सेमी बारिश हो सकती है। बारिश की तीव्रता 20 से 30 सेमी तक और कुछ स्थानों पर 30 से अधिक भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि आईएमडी ने भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों और तीव्रता के बारे में कोई पूर्वानुमान नहीं लगाया है। बुलेटिन में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में भी हल्की से मध्यम बारिश होने की आशंका है। एजेंसी



**मछुआरों को 21 अक्तूबर तक तट पर लौटने की सलाह**

आईएमडी ने कहा कि चक्रवाती तूफान के प्रभाव से ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों में 23 से 25 अक्तूबर तक भारी वर्षा हो सकती है। मछुआरों को 21 अक्तूबर तक तट से लौटने की सलाह दी गई है।

### 120 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से चलेगी हवा

ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों पर 23 अक्तूबर की शाम से 50 से 60 किमी प्रति घंटे की गति से तूफानी हवाएं चल सकती हैं। 24 अक्तूबर की रात से 25 अक्तूबर की सुबह तक ये हवाएं धीरे-धीरे बढ़कर 100-110 किमी प्रति घंटे और 120 किमी प्रति घंटे तक पहुंच जाएगी। आईएमडी ने कहा कि इस अवधि के दौरान समुद्र की स्थिति असामान्य रहने की संभावना है।

## दिवाली से पछुआ हवाएं कराएंगी सर्दी का एहसास

### उत्तराखंड : चक्रवात के आंशिक असर से अक्तूबर में पारा 30 के पार बरकरार

**पंतनगर।** करीब एक सप्ताह पूर्व बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात का आंशिक असर उत्तराखंड में भी दिख रहा है। इसके चलते बादलों की आवाजाही के बीच अक्तूबर के अंत तक पारे के 30 डिग्री सेल्सियस के पार बने रहने की संभावना है। दिवाली से चलने वाली पछुआ हवाएं लोगों को ठंड का एहसास कराएंगी। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि दिन में चटक धूप निकलने से वातावरण में नमी की मात्रा घट रही है। साथ ही बंगाल की खाड़ी में आए चक्रवात का भी आंशिक असर उत्तराखंड पर पड़ा है।

बताया कि ठंड दो प्रकार से होती है। पहली तब, जब पहाड़ों से ठंडी हवाएं नीचे की ओर आती हैं और दूसरी तब, जब राजस्थान की ओर से पछुआ हवाएं प्रदेश में आती हैं। यह हवाएं सूखी और बेहद ठंडी होती हैं। अभी प्रदेश में दक्षिण, पूर्वी एवं दक्षिण-पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। अक्तूबर अंत से दिवाली के आस-पास राजस्थान की ओर से पछुआ हवाएं चलने की संभावना है। इसके बाद से ठंड में इजाफा होगा और लोग कंपकंपाने पर मजबूर हो जाएंगे।

***ला-नीना प्रभाव से इस बार पड़ेगी कड़ाके की ठंड**...मौसम वैज्ञानिक डॉ. सिंह ने बताया कि अल-नीनो का प्रभाव अब समाप्त हो चुका है। नवंबर में ला-नीना बनना प्रारंभ होगा, जो दिसंबर अंत तक अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंचेगा। असके चलते इस बार सर्दियों में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है।* संवाद

### आज पर्वतीय इलाकों में बदलेगा मौसम

**देहरादून।** प्रदेश के पर्वतीय जिलों में सोमवार को मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में होने वाली बारिश से मैदानी इलाकों में तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, अक्तूबर में अभी तक दिन के अधिकतम तापमान के साथ न्यूनतम तापमान भी सामान्य है, लेकिन पर्वतीय इलाकों में 21 अक्तूबर को बारिश के आसार हैं। संवाद

# आतंकियों ने कर रखी थी रेकी, कैंप लौटते ही हमला

## कश्मीर में फिर दहशतगर्दी : वाहन से उतरते ही की अंधाधुंध फायरिंग, मजदूरों को भागने तक का नहीं मिला मौका


आतंकी हमले में घायल प्रवासी मजदूरों का हालचाल जानते मंडलायुक्त व डीसी।

डॉ. बृजेश कुमार सिंह

**जम्मू।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के विधानसभा क्षेत्र गांदरबल के गगनगीर इलाके में आतंकियों ने प्रवासी मजदूरों पर हमले के लिए पूरी रेकी कर रखी थी। सुरंग निर्माण के काम से लौटते ही पहले से घात लगाए आतंकियों ने हमला करते हुए अंधाधुंध फायरिंग कर दी। मजदूरों को भागने तक का मौका नहीं मिला।

सूत्रों का कहना है कि आतंकियों ने पहले से ही मजदूरों की मूवमेंट की जानकारी कर रखी थी। उनके आने-जाने के समय की उन्हें सटीक जानकारी थी। यही वजह है कि जैसे ही कर्मचारी कैंप में वाहन से पहुंचे उन्हें संभलने तक का मौका नहीं दिया गया। आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी। कुछ मजदूर भागने लगे तो आतंकियों ने उन्हें भी निशाना बनाकर फायरिंग की। सूत्र बताते हैं कि अमरनाथ यात्रा मार्ग पर यह इलाका अपेक्षाकृत शांत रहा है। आसपास के इलाकों में सड़क किनारे दोनों ओर घने जंगल हैं। हमले के बाद दहशतगर्द जंगल में भाग निकले।

### तीन साल में टारगेट किलिंग की घटनाएं

- **18 अक्तूबर** : शोपियां में बिहार के मजदूर अशोक चौहान की हत्या
- **17 अप्रैल 2024** : आतंकियों ने अनंतनाग में बिहार के प्रवासी शंकर शाह की गोली मारकर हत्या की
- **8 अप्रैल 2024** : दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के पदपावन में आतंकियों ने गैर कश्मीरी स्थानीय ड्राइवर परमजीत सिंह को गोली मारी थी
- **7 फरवरी 2024** : श्रीनगर के हब्बाकदल में अमृतसर के अमृत पाल और रोहित मसीह की हत्या की
- **26 फरवरी 2023** : पुलवामा में कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या
- **29 मई 2023** : अनंतनाग में आतंकियों ने सर्कस में काम करने वाले उधमपुर के दीपक कुमार की हत्या की
- **15 अक्तूबर 2022** : शोपियां के चौधरीगुंड गांव में कश्मीरी पंडित पूरन कृष्ण भट्ट की हत्या।
- **अगस्त 2022** : शोपियां में आतंकियों ने बिहार के तीन प्रवासी मजदूरों को गोली मारी। सेब के बाग में एक कश्मीरी पंडित व बांदीपोरा में बिहार के एक प्रवासी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।
- **नवंबर 2022** : शोपियां में उत्तर प्रदेश के कन्नौज के दो मजदूरों की हत्या

# गांधी परिवार के लिए वायनाड महज दूसरी सीट से अधिक कुछ नहीं : नव्या हरिदास

**तिरुवनंतपुरम।** वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए एनडीए की उम्मीदवार नव्या हरिदास ने कहा कि गांधी परिवार इस निर्वाचन क्षेत्र को महज पसंद या दूसरी सीट की तरह देखता है। आईटी सेक्टर से राजनीति में कदम रखने वाली 38 साल की नव्या ने कहा कि यहां के लोग अब इस बात को समझ चुके हैं, क्योंकि मतदाता एक ऐसे नेता को चाहते हैं जो उनके स्थानीय मुद्दों पर ध्यान दे। उनके लिए खड़ा हो और उनकी परेशानियों का हल करें।



नव्या ने कहा कि वायनाड के लोगों ने राहुल गांधी को इस यकीन के साथ जीत दिलाई थी कि वह उनके साथ अगले पांच साल साथ रहेंगे, लेकिन जब गांधी परिवार के वंशज को रायबरेली रखने को मिला तो उन्होंने वायनाड को छोड़ दिया। इसलिए वायनाड के लोगों को अब यह एहसास हो गया है कि इस निर्वाचन क्षेत्र को गांधी परिवार सिर्फ एक दूसरी सीट या पसंद के तौर पर देखता है। खुद को वायनाड से उम्मीदवार बनाए जाने पर हैरानी जताते हुए हरिदास ने पूरे आत्मविश्वास से कहा कि उन्हें यकीन है कि 13 नवंबर के चुनाव में उनकी पार्टी का मत प्रतिशत बढ़ेगा। एजेंसी

# चुनाव लड़ने के लिए जजों के इस्तीफे से निष्पक्षता प्रभावित

## जस्टिस गवई बोले, न्यायपालिका पर भरोसा घटने से भीड़तंत्र बढ़ने का खतरा

**अहमदाबाद।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि चुनाव लड़ने के लिए जजों का तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देना उनकी निष्पक्षता को लेकर लोगों की धारणा को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने सुनवाई के दौरान या इससे इतर भी न्यायिक नैतिकता के उच्च मानदंडों को बनाए रखने की जरूरत बताई।

जस्टिस गवई ने गुजरात के न्यायिक अधिकारियों के वार्षिक सम्मेलन में कहा कि यदि कोई न्यायाधीश पद पर रहने के दौरान शिष्टाचार के दायरे से बाहर जाकर किसी नेता या नौकरशाह की सराहना करता है, तो भी न्यायपालिका में आम जनता का विश्वास प्रभावित हो सकता है। न्यायिक नैतिकता और सत्यनिष्ठा ऐसे बुनियादी स्तंभ हैं जो कानूनी प्रणाली की विश्वसनीयता को बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका के प्रति जनता का भरोसा बरकरार रखने का एक और सैद्धांतिक कारण यह है कि विश्वास की कमी लोगों को औपचारिक न्यायिक प्रणाली के बाहर न्याय पाने के लिए प्रेरित कर सकती है। इससे समाज में भीड़तंत्र को बढ़ावा मिल सकता है, जो कानून-व्यवस्था के क्षरण का कारण होगा। यही नहीं, इससे लोग मामले दर्ज कराने और निर्णयों के खिलाफ अपील करने से भी हिचकिचाएंगे।



### न्यायपालिका पर न हो कोई दखल

न्यायपालिका की स्वायत्तता पर किसी भी प्रकार का दखल, चाहे वह राजनीतिक हो या विधायी, निष्पक्ष न्याय की अवधारणा को कमजोर करता है।
**– जस्टिस बीआर गवई**

**न्याय में देरी से निष्पक्ष सुनवाई मुश्किल :** जस्टिस गवई ने कहा कि न्याय में देरी से निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करना मुश्किल हो जाता है। इससे लोगों का भरोसा कम होता है। यह न केवल निर्दोष लोगों के लिए समस्या बनती है, बल्कि जेलों में क्षमता से ज्यादा भीड़ भी बढ़ाती है। एजेंसी

# अयोध्या मामले के हल के लिए ईश्वर से की थी प्रार्थना : सीजेआई चंद्रचूड़

## पैतृक गांव कन्हेरसर में अभिनंदन समारोह में साझा की फैसले से पूर्व की मनुस्थिति

**पुणे।** सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि उन्होंने अयोध्या जन्मभूमि विवाद के समाधान के लिए ईश्वर से प्रार्थना की थी। साथ ही कहा कि अगर आस्था हो तो ईश्वर कोई न कोई रास्ता निकाल ही देते हैं। वह खेड़ तालुका में अपने पैतृक गांव कन्हेरसर के लोगों की तरफ से आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

सीजेआई जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, अक्सर हमारे पास मामले आते हैं लेकिन हम समाधान पर नहीं पहुंच पाते। अयोध्या मामले के दौरान भी कुछ ऐसा ही हुआ था, जो तीन महीने तक मेरे सामने था। मैं ईश्वर के सामने बैठा और उनसे कहा कि उन्हें इसका समाधान ढूंढना होगा। देश के तत्कालीन चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 9 नवंबर, 2019 को एक सदी से भी अधिक पुराने विवाद का समाधान निकालकर राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था। जस्टिस चंद्रचूड़ ऐतिहासिक फैसला सुनाने वाली पीठ का हिस्सा थे। जस्टिस चंद्रचूड़ ने इस वर्ष जुलाई में राम मंदिर जाकर पूजा-अर्चना भी की थी। एजेंसी



**चिंताजनक** | अनियमित जीवन शैली, असंतुलित आहार भी जीवन प्रत्याशा की बढ़ोतरी में बाधक

# प्रदूषण से धीमी हुई जीवन प्रत्याशा में वृद्धि की रफ्तार

अमर उजाला नेटवर्क

**नई दिल्ली।** इस सदी के शुरुआती दशकों में जीवन प्रत्याशा में वृद्धि की रफ्तार धीमी हो गई है। बढ़ती बीमारियों और प्रदूषण इसके मुख्य कारण हैं। यह जानकारी शिकागो के इलिनोइस विश्वविद्यालय, हवाई विश्वविद्यालय और हार्वर्ड विश्वविद्यालय से जुड़े शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किए एक नए अध्ययन में सामने आई है। इस अध्ययन के नतीजे अंतरराष्ट्रीय जर्नल नेचर एजिंग में प्रकाशित हुए हैं।

अध्ययन के अनुसार, सार्वजनिक स्वास्थ्य में लगातार हो रही प्रगति के बावजूद दुनिया में लंबे समय तक जीने वाली आबादी में जीवन प्रत्याशा 1990 के बाद सिर्फ 6.5 फीसदी बढ़ी है। सुधार की यह दर बहुत धीमी है। जीवन प्रत्याशा की रफ्तार घटने के कई कारण हो सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधी कारणों में गैर संचारी रोग जैसे कि हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह, रक्तचाप और मोटापे से जुड़ी समस्याओं का बढ़ना, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं जैसे तनाव, अवसाद और आत्महत्या की दर में वृद्धि भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। कोविड जैसी महामारी ने दुनियाभर में कई लोगों की जान ले ली, जिससे जीवन प्रत्याशा में कमी आई। इसके अलावा नए और पुराने संक्रामक रोग मलेरिया, डेंगू, टीबी और एड्स भी जीवन प्रत्याशा में कमी की वजह हो सकते हैं।



### स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुंच भी वजह

कमजोर वर्ग के लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुंच, गरीबी और शिक्षा की कमी भी इसका कारण है। जलवायु परिवर्तन से होने वाली प्राकृतिक आपदाओं, ग्लोबल वार्मिंग, वायु और जल प्रदूषण के बढ़तेस्तर से जीवन प्रत्याशा प्रभावित हो रही है।

- *अनियमित जीवन शैली, असंतुलित आहार, धूम्रपान, शराब का ज्यादा सेवन और शारीरिक निष्क्रियता भी इसके लिए काफी हद तक जिम्मेदार हैं।*

### पहले से कहीं ज्यादा बुढ़ापा महसूस कर रहे लोग

अध्ययन से जुड़े प्रमुख शोधकर्ता एस. जे. ओलशनस्की के मुताबिक, जीवन प्रत्याशा में हो रही वृद्धि धीमी होती जाएगी, क्योंकि पहले से कहीं ज्यादा लोग बुढ़ापे के प्रभावों को महसूस कर रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अब व्यावसायिक व पेशेवर कारणों से उम्र बढ़ने के साथ लोग अपने बच्चों, बचपन तथा जवानी के दोस्तों, परिवार और समुदाय से अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। उम्र बढ़ने के साथ ही लोगों को कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याएं होने लगती हैं। कई बार लोग अपने शरीर का ख्याल नहीं रखते।

# ईपीएफओ : नए सदस्यों की संख्या 9.07 फीसदी बढ़कर 18.53 लाख

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नए सदस्यों की संख्या अगस्त, 2024 में सालाना आधार पर 9.07 फीसदी बढ़कर 18.53 लाख पहुंच गई। इस दौरान ईपीएफओ से करीब 9.30 लाख नए सदस्य जुड़े। यह आंकड़ा एक साल पहले की समान अवधि से 0.48 फीसदी अधिक है।

**अगस्त में जुड़े 9.30 लाख नए सदस्य**

श्रम मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी पेरोल आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में 18-25 आयु वर्ग के सबसे ज्यादा 8.06 लाख नए सदस्य ईपीएफओ से जुड़े। यह कुल जुड़े नए सदस्यों का 59.26 फीसदी है। ब्यूरो

# गर्म हो रही मिट्टी...पौधों व जीवों पर बढ़ा संकट

## अध्ययन : जंगलों के घटने और नमी वाली जमीन को कृषि भूमि में बदले जाने का दिख रहा असर

अमर उजाला नेटवर्क

**नई दिल्ली।** मिट्टी पारिस्थितिकी तंत्र में अहम भूमिका निभाती है। पौधों की जड़ों को सहारा देती है और कई सूक्ष्मजीवों को आश्रय देती है। मिट्टी के लगातार सूखने और गर्म होने की घटनाओं में भारी वृद्धि होने के कारण पौधों और जीवों पर संकट गहराने लगा है। अत्यधिक सूखी या अत्यधिक नम मिट्टी पौधों व जीवों में बीमारियों को बढ़ाती है। एक अध्ययन के अनुसार, लगातार जंगलों के घटने और नमी वाली जमीन को कृषि भूमि में बदले जाने से सॉइल कंपाउंड ड्राउट हीटवेव (एससीडीएचडब्ल्यू) का खतरा और बढ़ जाएगा।

चीनी अकादमी ऑफ साइंसेज के नानजिंग इंस्टीट्यूट ऑफ ज्योग्राफी एंड लिम्नोलॉजी के शोधकर्ताओं का यह अध्ययन नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित हुआ है। शोध में 1980 से 2023 तक दुनियाभर में मिट्टी पर सूखे और भयंकर गर्मी का असर जिसे सॉइल कंपाउंड ड्राउट हीटवेव कहा जाता है, से संबंधित घटनाओं की मात्रा तय की गई है। इसके साथ ही यह पूर्वानुमान भी जारी किया गया है कि इस सदी के अंत तक वह किस तरह और बढ़ेगी। नमी वाली जमीन को कृषि भूमि में बदलने से भी मिट्टी के सूखने और गर्म होने की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसके अलावा खेती में रसायनों का अंधाधुंध इस्तेमाल करने से मिट्टी अम्लीय होती जा रही है, जिसके कारण यह जल्दी टूट भी रही है और गर्म भी हो रही है।

### मिट्टी का सूखना जल सुरक्षा चक्र के लिए चुनौती



अध्ययन के अनुसार, मिट्टी के सूखने और गर्म होने की अवधि गर्मी के मौसम पर आधारित है जो जल सुरक्षा चक्र के लिए भी एक भारी चुनौती है। मिट्टी ऊष्मा की अतिचालक है इसलिए उसका तापमान सर्दियों में गर्म और गर्मी में ठंडा होता है। मिट्टी पर सूखे और भयंकर गर्मी का बहुत ज्यादा असर देखा गया। मिट्टी के सूखने से पौधों की संख्या कम होती है, जिससे जल चक्र प्रभावित होता है और वर्षा कम होती है।

# एजुकेशन & कॅरिअर

धैर्य रखकर आप खुद का परीक्षण करने में सफल हो सकते हैं।

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

### उत्तराखंड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार

उत्तराखंड विशेष अधीनस्थ शिक्षा सेवा परीक्षा- 2024




613 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 07 नवंबर, 2024
आयु-सीमा : न्यूनतम 21 वर्ष व अधिकतम 42 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें : psc.uk.gov.in

### AIASL में रोजगार की संभावनाएं ■ 156 पद

इ्यूटी मैनेजर, ड्यूटी ऑफिसर व अन्य पदों पर निकली भर्ती
वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि
(23-28) अक्तूबर, 2024
योग्यताएं
ग्रेजुएशन एवं अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
aiasl.in

### एम्स, मंगलगिरि में रिक्तियां ■ 63 पद

सीनियर रेजिडेंट आदि के पदों पर योग्य अभ्यर्थी करें आवेदन
वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि
07 नवंबर, 2024
योग्यताएं
पोस्ट-ग्रेजुएशन डिग्री, एमडी व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
aiimsmangalagiri.edu.in

### BHEL ने जारी किया विज्ञापन ■ 263 पद

अप्रेंटिसशिप के लिए योग्य उम्मीदवार करें अप्लाई
आवेदन की अंतिम तिथि : 08 नवंबर, 2024
स्टाइपेंड : रुपये 7,700 से लेकर रुपये 8,050 प्रतिमाह निर्धारित
यहां आवेदन करें : bap.bhel.com

### एनटीपीसी लिमिटेड में संभावनाएं ■ 50 पद

जूनियर एग्जीक्यूटिव के पदों पर आवेदन आमंत्रित
आवेदन की अंतिम तिथि
28 अक्तूबर, 2024
आयु-सीमा
अधिकतम उम्र 27 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें
ntpc.co.in

### कर्मचारी राज्य बीमा निगम ■ 31 पद

स्पेशलिस्ट, सुपर स्पेशलिस्ट व अन्य पदों पर संभावनाएं
आवेदन की अंतिम तिथि
25 अक्तूबर, 2024
आयु- सीमा
अधिकतम उम्र पदानुसार 45 व 69 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें
esic.gov.in

### यहां भी रोजगार के अवसर...

- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण : सलाहकार (संचार एवं परियोजना प्रबंधन) के पदों पर संभावनाएं।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 08 नवंबर, 2024
  ndma.gov.in
- भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण : परामर्शदाता व वरिष्ठ परामर्शदाता के विभिन्न पदों पर रिक्तियां।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 11 नवंबर, 2024
  trai.gov.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

# ऐसे बनाएं खुद का डिजिटल प्लेटफॉर्म

**नए उद्यमी यदि डिजिटल प्लेटफॉर्म से कमाना चाहते हैं, तो यूजर्स को लुभाने और भरोसा जीतने की कला आनी चाहिए**



बेंजामिन एडेलमैन
हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू

Harvard Business Review

रोजाना ऐसे कई डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू किए जा रहे हैं, जो लोगों की सहूलियत और उनकी मदद करने के लिहाज से पूरी तरह से उपयुक्त होते हैं। कई प्लेटफॉर्म ऐसे भी हैं, जो पढ़ाई से लेकर नौकरी ढूंढने और कॅरिअर के लिए बेहतर सुझाव देने में आपकी मदद करते हैं। दरअसल यह इसलिए भी मुमकिन है, क्योंकि इंटरनेट के तेजी से होते प्रसार ने डिजिटल प्लेटफॉर्म की पेशकश करने वाले व्यवसायों की संख्या में वृद्धि की है। यह एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जहां नए उद्यमी डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। इसलिए यदि आप नए उद्यमी हैं और डिजिटल प्लेटफॉर्म में व्यावसायिक रूप में कॅरिअर बनाना चाहते हैं, तो आपके अंदर यूजर्स को आकर्षित करने और उनका विश्वासपात्र बनने की खूबियां होनी चाहिए।

**■ अनुभव और सुझाव**

डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरुआत करने से पहले आपको स्वयं से यह सवाल अवश्य पूछना चाहिए कि आप जिस भी डिजिटल प्लेटफॉर्म को शुरू करने का विचार कर रहे हैं, क्या वह उपयोगकर्ताओं के एक बड़े वर्ग को आकर्षित करेगा? इसलिए किसी भी प्लेटफॉर्म को शुरू करने से पहले, उस क्षेत्र के अनुभवी लोगों से अपने व्यवसाय के लिए कुछ जरूरी सुझाव मांगने का प्रयास करें। ऐसा करके आप शुरुआती पड़ाव पर ही अपने व्यवसाय के लिए बेहतर विकल्प हासिल कर सकते हैं।

**■ खाका तैयार करें**

किसी भी व्यवसाय को शुरू करने से पहले कागज पर उसका खाका तैयार करने की जरूरत होती है। यही बात डिजिटल प्लेटफॉर्म के मामले में भी लागू होती है। इससे आपको अंदाजा लग जाएगा कि किस तरह का डिजिटल प्लेटफॉर्म डिजाइन करना है और यह भविष्य में कैसे काम करेगा। इसमें ग्राहकों को दी जाने वाली सबसे महत्वपूर्ण सुविधाओं के बारे में लिखें और अपनी योजना इतनी लचीली बनाएं, ताकि उसमें समय के साथ-साथ अन्य बदलावों को भी जोड़ा जा सके।

**■ दीर्घकालिक लाभ पर करें विचार**

डिजिटल प्लेटफॉर्म को सफल बनाने के लिए ग्राहकों का विश्वास जीतना बेहद जरूरी होता है। ग्राहकों को विश्वास दिलाएं कि आपका प्लेटफॉर्म बाकी प्लेटफॉर्म की तुलना में बेहतर है और इसका कारण भी बताएं। इससे डिजिटल प्लेटफॉर्म दीर्घकालिक लाभ मिलेंगे।



**■ सुरक्षित लेनदेन**

प्लेटफॉर्म को शुरू करने से पहले यह भी विचार करें कि किसी सेवा के लिए ग्राहकों से कैसे और कितना शुल्क लिया जाए। शुरुआती दौर में मासिक या वार्षिक सब्सक्रिप्शन उचित दर पर देने की कोशिश करें। भुगतान प्रक्रिया को आसान व सुरक्षित रखें, ताकि ग्राहक आपकी सेवा को खरीदते समय वित्तीय लेनदेन को सुरक्षित महसूस कर सकें।

## खुद को परखें

1. कौन-सा राष्ट्रीय उद्यान भारत के दूसरे तितली विविधता केंद्र के रूप में उभरकर सामने आया है?
   (a) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान
   (b) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान
   (c) पेरियार राष्ट्रीय उद्यान
   (d) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान
2. अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) असेंबली के सातवें सत्र की मेजबानी निम्न में से कौन-सा शहर करेगा?
   (a) हैदराबाद
   (b) नई दिल्ली
   (c) मुंबई
   (d) चेन्नई
3. 'मेरा होउ चोंगबा' महोत्सव किस राज्य में मनाया गया है?
   (a) नगालैंड (b) मणिपुर
   (c) असम (d) सिक्किम

*उत्तर-1.a, 2.b, 3.b*

## Q&A

***मैंने रूरल डेवलपमेंट में पोस्ट-ग्रेजुएशन किया है। इस क्षेत्र से संबंधित कॅरिअर विकल्प बताएं।*** *-गोरखपुर से आलोक*



गौरव भारद्वाज
कॅरिअर सलाहकार

रूरल डेवलपमेंट में पोस्ट-ग्रेजुएशन करने के बाद आपके पास सरकारी एवं गैर-सरकारी, दोनों ही संस्थानों में नीति निर्माता, विश्लेषक, मैनेजर, ग्रामीण विकास अधिकारी, शोधकर्त और सलाहकार आदि के तौर पर कार्य करने के अवसर उपलब्ध हैं। इसके अलावा आप अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय एनजीओ के साथ मिलकर भी गांव के विकास के लिए काम कर सकते हैं। कई एनजीओ भी अपने यहां ग्रामीण प्रबंधक के रूप में पेशेवरों की नियुक्ति करते हैं। आप चाहें तो अपना स्वयं का एनजीओ खोलकर ग्रामीण विकास के लिए काम कर सकते हैं। अगर इस क्षेत्र में अनुमानित वेतन की बात की जाए, तो आप किसी निजी कंपनी या संस्था के साथ जुड़कर चार से पांच लाख रुपये का सालाना पैकेज हासिल कर सकते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता

## 'डार्क फ्रेम्स' ब्लैक एंड व्हाइट फोटोग्राफी प्रतियोगिता

**कार्लोटा** गैलरी अपने 'डार्क फ्रेम्स' शीर्षक के तहत ब्लैक एंड व्हाइट फोटोग्राफी करने वाले फोटोग्राफरों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इसमें प्रतिभागियों को अपनी फोटोग्राफी के जरिये उत्कृष्ट चित्रों, ऐतिहासिक घटनाओं और रोजमर्रा के दृश्यों को अपनी फोटो के जरिये प्रदर्शित करना होगा।

**■ पात्रता**

यह प्रतियोगिता दुनिया भर के फोटोग्राफरों के लिए खुली है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए।

**■ पुरस्कार**

ऑनलाइन प्रदर्शनी नवंबर 2024 में आयोजित की जाएगी। प्रतिभागियों की एक या एक से अधिक तस्वीरें वर्चुअल ऑनलाइन प्रदर्शनी में प्रदर्शित की जाएंगी। चयनितों को प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा। इसके अलावा प्रतिभागियों की फोटोग्राफ को सोशल मीडिया पर पोस्ट और कहानियों के माध्यम से भी प्रदर्शित किया जाएगा।

**■ अंतिम तिथि**

आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर, 2024 गई है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट carlottagallery.co.uk पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### एग्जाम अलर्ट : हफ्ते की परीक्षाएं

*एक्जिम बैंक मैनेजमेंट ट्रेनी परीक्षा-2024*

- **परीक्षा की तिथि :** 26 अक्तूबर, 2024
- प्रोफेशनल नॉलेज-सब्जेक्टिव टेस्ट को दो भागों में विभाजित किया गया है। भाग-I में वित्तीय विवरण से 40 अंकों के, जबकि भाग-II में 60 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा के लिए ढाई घंटे का समय निर्धारित किया गया है।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें**
  tinyurl.com/54nzb7hy

*एमपी ईएसबी पीबीबीएससी नर्सिंग परीक्षा-2024*

- **परीक्षा की तिथि :** 26 अक्तूबर, 2024
- बीएससी नर्सिंग परीक्षा में 100 अंकों के 100 प्रश्न और एमएससी नर्सिंग परीक्षा में 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। पूछे जाने वाले प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें**
  tinyurl.com/57hefx94

### सामान्य ज्ञान स्विफ्ट प्रणाली




- भारत में रूसी राजदूत ने 22 से 24 अक्तूबर को कजान में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले स्विफ्ट प्रणाली के अलावा लेनदेन के अन्य विकल्पों की वकालत की है।
- स्विफ्ट दुनिया भर के बैंकों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क है, जो वैश्विक स्तर पर सुचारू रूप से वित्तीय लेन-देन की सुविधा प्रदान करता है।
- यह एक मैसेजिंग नेटवर्क है, जिसमें किसी प्रकार की प्रतिभूति या धन शामिल नहीं होता है।
- इसकी स्थापना 1973 में हुई थी। इसका मुख्यालय ला हल्पे, बेल्जियम में है। इसका मुख्य पर्यवेक्षक नेशनल बैंक ऑफ बेल्जियम है।
- स्विफ्ट प्रणाली के तहत प्लेटफॉर्म पर प्रत्येक ग्राहक को आठ अंकों का एक विशिष्ट स्विफ्ट कोड या बैंक पहचान कोड (बीआईसी) दिया जाता है, जिसका उपयोग लेनदेन करते समय सुरक्षा के लिहाज से किया जाता है।

## रोशनी यहां है

**इस बार :** एमपी अहमद
**क्यों :** महज बीस की उम्र में अपनी मेहनत की बदौलत उद्यमशीलता की यात्रा शुरू की



**कुछ बड़ा हासिल करने की चाह लिए एमपी अहमद ने बहुत छोटी आयु में मसाले बेचने से शुरुआत की। यह बिजनेस ठप हो गया। हार मानने के बजाय उन्होंने मेहनत और काबिलियत से 27 हजार करोड़ रुपये की मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स कंपनी स्थापित की...**

# पहले बिजनेस में हुए असफल, सपनों के लिए बेचा घर, आभूषण की दुनिया में बिखेरी अपनी चमक

पाब्लो पिकासो के प्रसिद्ध कथन *कार्रवाई ही सफलता की मूलभूत कुंजी है* को वास्तव में 'मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स' के संस्थापक एमपी अहमद ने हकीकत में साबित करके दिखाया है। एमपी अहमद ने दो दशक के भीतर कामों को इतने अलग तरीके से किया कि उन्होंने 27 हजार करोड़ रुपये का आभूषण व्यवसाय खड़ा कर लिया। एक समय था जब अहमद बीस साल की उम्र में मसाले बेचा करते थे। हालांकि, उनका यह बिजनेस ज्यादा दिन तक नहीं चल सका। बेशक उनके जीवन में कितनी ही चुनौतियां आईं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और डटकर उनका सामना किया। बिजनेस में असफल होने के बावजूद अपनी मेहनत की बदौलत उन्होंने एक नई इबारत लिखी और अपनी कंपनी मालाबार गोल्ड और डायमंड को सफलता की बुलंदियों पर पहुंचाया।

### कभी बेचते थे मसाले

एमपी अहमद का जन्म एक नवंबर, 1957 को हुआ था। बीस साल की उम्र में उन्होंने मसाला व्यापार का व्यवसाय स्थापित करके अपने कॅरिअर की शुरुआत की। 1981 में उनके पिता का निधन हो गया। उस समय वह चौबीस वर्ष के ही थे। पिता की मौत के कुछ समय बाद वह केरल चले गए। वहीं से उन्होंने खुदरा विक्रेताओं को इलायची, काली मिर्च और नारियल बेचने का व्यापार शुरू किया। लेकिन इसमें उन्हें उम्मीद के अनुरूप सफलता नहीं मिली और यह बिजनेस ठप हो गया। हालांकि, इससे उन्होंने व्यापार के वो सबक सीखे, जिन्हें बड़े-बड़े संस्थानों से भी नहीं सीखा जा सकता। इसके बाद उन्होंने शोध करना शुरू किया और बाजार की मांग को समझा। उन्होंने पाया कि अधिकतर लोग सोने में निवेश करने के इच्छुक हैं और आभूषण व्यवसाय उनके सपने को हासिल करने का एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके बाद उन्होंने अपने कदम आभूषणों की दुनिया की ओर मोड़ दिए।

### प्रॉपर्टी भी बेचनी पड़ी

*एमपी अहमद ने अपने रिश्तेदारों के साथ आभूषण व्यवसाय शुरू करने का विचार किया। लेकिन सबसे बड़ी समस्या वित्त की थी। आखिरकार उन्होंने अपनी प्रॉपर्टी बेचने का फैसला किया। इससे मिले पचास लाख रुपये उन्होंने व्यापार में निवेश किए। उन्होंने मालाबार की पहली शाखा वर्ष 1993 में स्थापित की, जो 400 वर्ग फुट की एक छोटे से स्टोर में खुली थी। कंपनी की डिजाइन और आभूषणों की विविधताओं ने ग्राहकों को आकर्षित किया और रोजाना बिक्री बढ़ने लगी। फिर अहमद ने पुरानी दुकान बंद की और वर्ष 1995 में 4000 वर्ग फुट की नई दुकान शुरू की। साल 1999 में उन्होंने अपनी ज्वेलरी को बीआईएस हॉलमार्क ज्वेलरी बताकर बाजार में पेश किया। बीआईएस हॉलमार्क भारत में बेचे जाने वाले आभूषणों के लिए एक हॉलमार्किंग प्रणाली है। इससे कंपनी के आभूषणों का प्रचार दूर-दराज के क्षेत्रों में होने लगा और अहमद के लिए सफलता के द्वार खुलने लगे।*



### विदेश तक बनाई पहचान

भारत में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का बिजनेस सफल होने के बाद साल 2001 में एमपी अहमद ने देश के बाहर कदम रखा और खाड़ी क्षेत्र में पहला स्टोर खोला। इसके बाद कंपनी ने अधिक से अधिक से स्टोर खोलने शुरू किए। साल 2011 में मालाबार ने रियाद में अपना 50वां स्टोर खोला। तब तक कंपनी का टर्नओवर 12 हजार करोड़ रुपये पहुंच चुका था। 2013 तक आते-आते कंपनी ने सात देशों में कुल 103 आउटलेट खोल दिए। इसके अलावा भारत और यूएई में फैक्ट्री भी स्थापित हो गई। 2017 में कंपनी ने दुबई में अपना 200वां स्टोर खोला, जबकि 12 जनवरी, 2018 को कंपनी ने एक साथ छह देशों में 11 स्टोर खोले। अगले साल यानी 2019 में कंपनी ने अमेरिका के शिकागो में अपना स्टोर खोला। वर्तमान में कंपनी का कुल टर्नओवर 27,000 करोड़ रुपये पहुंच चुका है।


### युवाओं को सीख

- याद रखिए, जिस भी लक्ष्य को आप लगातार अपने दिमाग में रखते हैं, उसे आप पाते जरूर हैं।
- कामयाबी का इंतजार करने से बेहतर है, उसे पाने की कोशिश की जाए।
- शिक्षा के अलावा भी कुछ नया सीखते रहना चाहिए, जिससे आप बाकियों से बेहतर बन सकें।
- उम्मीद को हमेशा बनाए रखें, क्योंकि इसकी बदौलत ही सब कुछ पाया जा सकता है।
- वह इन्सान कभी भी सफल नहीं हो सकता, जो रास्ते पर नहीं, बल्कि रास्ते में आने वाली दिक्कतों के बारे में ज्यादा सोचता है।

## आज का दिन

21 अक्तूबर, 1959

न्यूयॉर्क में 'गुगेनहाइम संग्रहालय' का उद्घाटन हुआ था। यह गोल इमारत उस समय की किसी भी अन्य इमारत से बिल्कुल अलग थी। आज यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण संग्रहालयों में से एक है।



- 1830 : भारतीय खोजकर्ता नैन सिंह रावत का जन्म हुआ था।
- 1943 : नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने सिंगापुर में आजाद हिंद फौज का गठन किया था।
- 1951 : भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई थी।
- 1964 : अमेरिकी फिल्म 'माई फेयर लेडी' का न्यूयॉर्क में प्रीमियर हुआ था।

## व्रत त्योहार



**आज :** कार्तिक कृष्ण पक्ष पंचमी।
**कल :** हेमंत ऋतु, सूर्य दक्षिणायने, दक्षिण गोले।
**राहुकाल :** दिन में 15.00 से 16.30 तक।

■ सूर्योदय : 06.30
■ सूर्यास्त : 17.41
(भारतीय मानक समयानुसार)

## कल का पंचांग

**विक्रमी संवत 2081,** 30 आश्विन मास शाके 1946, कार्तिक मास 06 प्रविष्टे, 18 रबिउस्सानी हिजरी 1446, कार्तिक कृष्ण पक्ष षष्ठी 25.28 तक उपरांत सप्तमी, आर्द्रा नक्षत्र 29.38 तक उपरांत पुनर्वसु नक्षत्र, परिध योग 08.45 तक उपरांत शिव योग, गर करण 13.58 तक उपरांत वणिज करण, चंद्रमा मिथुन राशि में दिन-रात।

amarujala.com/astrology

## राशिफल

■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** अजनबी पर भरोसा करने से बचें। स्वजनों से मनमुटाव संभव है। व्यवसाय में सामान्य लाभ होगा।

**वृष :** नई योजना में व्यस्त रहेंगे। शुभचिंतकों का समागम रहेगा। यात्रा से कार्य सिद्धि होगी। व्यवसाय में लाभ होगा।

**मिथुन :** इच्छाओं की पूर्ति में विलंब होगा। विरोधी परेशान करेंगे। व्यवसाय में अल्प लाभ होगा। सेहत नरम रहेगी।

**कर्क :** सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। नए कार्य का प्रस्ताव आ सकता है। अटका धन मिल सकता है।

**सिंह :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मित्र सहायक रहेंगे। व्यवसाय में यथेष्ट लाभ हो सकता है। मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या :** अटके कार्य में सफलता मिलेगी। कानूनी मामले से बचें। व्यवसाय में लाभ होगा।

**तुला :** पूर्वनियोजित कार्य में निराशा होगी। धन उधार देने से बचें। व्यवसाय में असावधानी से हानि संभव है।

**वृश्चिक :** व्यक्तिगत संबंध सहायक रहेंगे। आय का स्थायी स्रोत बन सकता है। व्यवसाय में उत्तम लाभ होगा।

**धनु :** आरोग्य सुख अनुकूल रहेगा। व्यवसाय में लाभ होगा। देनदारी में कमी आएगी। परिवार में आनंद रहेगा।

**मकर :** संतान का अटका कार्य बन सकता है। व्यावसायिक लाभ से संतुष्ट रहेंगे। मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ :** स्वास्थ्य नरम रहेगा। खरीद-फरोख्त में व्यय होगा। अर्थ प्राप्ति संभव है। व्यवसाय में धन लाभ सामान्य रहेगा।

**मीन :** दिनमान अनुकूल रहेगा। विरोधी शांत रहेंगे। अटका धन मिलेगा। व्यवसाय में यथेष्ट लाभ होगा।

## जन्मदिन

**हेलन,** अभिनेत्री



**आज** जन्मे जातक महत्वाकांक्षी, दृढ़निश्चयी और बुद्धिमान होते हैं। लक्ष्य प्राप्ति 24 या 30वें वर्ष में होती है। इस वर्ष आशा और उमंग से परिपूर्ण रहेंगे। योजनाओं में अनुकूल सफलता मिल सकती है। संतान सुख की इच्छा पूरी होगी। रोजगारपरक परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 5 | | 4 | | 7 | |
| 9 | | | | 2 | | | | |
| | 8 | | 9 | | | | | 2 |
| | | | 1 | | | 2 | | 8 |
| | 9 | | | | | | 4 | |
| 6 | | 5 | | | 2 | | | |
| 5 | | | | | 7 | | 9 | |
| | | | | 1 | | | | 3 |
| | 3 | | 2 | | 6 | 7 | | |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 9 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 3 | 1 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 |
| 3 | 4 | 7 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 | 8 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 4 |
| 8 | 7 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 4 | 3 | 1 | 2 | 9 | 6 | 7 | 8 | 5 |

## डेली हेल्थ कैप्सूल

### क्या बार-बार आती है उबासी?

*ज्यादा उबासी आना कई बार किसी गंभीर बीमारी या असामान्यताओं का भी संकेत हो सकता है।*

ज्यादा उबासी आना नींद संबंधी बीमारी, जैसे कि ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया का एक संकेत हो सकता है। इस समस्या में अत्यधिक नींद आती है और रात में सोते समय अत्यधिक दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है, जिससे नींद पूरी नहीं हो पाती है और पीड़ित अगले दिन काफी थका हुआ महसूस करता है। उसे दिनभर उबासी आती रहती है। इस समस्या में ब्रीदिंग डिसऑर्डर की समस्या होती है। स्लीप एपनिया में सोते वक्त बार-बार सांस रुकती और चलती है। खतरनाक बात यह है कि इसमें नींद में ही सांस रुक जाती है और व्यक्ति को पता भी नहीं चलता है। ज्यादा उबासी आना मेटाबॉलिज्म से जुड़ी बीमारियों के कारण भी हो सकता है। रक्त में ग्लूकोज का स्तर कम होने से उबासी आनी शुरू हो जाती है। नार्कोलेप्सी भी नींद से जुड़ी एक समस्या है। इसमें व्यक्ति कभी भी और कहीं भी अचानक सो सकता है। इस बीमारी में मरीज को दिनभर में कई बार नींद आती है, जिससे उसे ज्यादा उबासी आती रहती है। इंसोमनिया यानी अनिद्रा में रात में नींद ठीक से नहीं आती है। अगर एक बार नींद खुल जाए तो दोबारा सोना काफी मुश्किल हो जाता है।



### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

**कई बार थके होने के कारण बार-बार उबासी आती है। यह सामान्य बात है, लेकिन अगर यह समस्या काफी दिनों से बनी हुई है तो इसे नजरअंदाज न करें और फौरन डॉक्टर से सलाह लें।**
-डॉ. धीरज फूलमती सिंह
वरिष्ठ चिकित्सक




DOWN PAYMENT AT ₹10 999^
SAVINGS UP TO ₹20 000**
CASHBACK UP TO ₹7 500*
EXCHANGE BENEFITS UP TO ₹3 500^
RTR SERIES
RACING DNA UNLEASHED

www.tvsmotor.com/tvs-apache | Give a missed call to 1800 315 7227 | tvsapacheseries | TVS Apache

*Best-in-class power for RTR 160 & RTR 160 4V in respective Air & Oil cooled 160cc class | **Savings with Low ROI scheme of 5.55% | *Applicable on HDFC & ICICI CC & DC EMI, Max 5% cashback upto ₹7 500 | ^T&C apply.




INTRODUCING THE NEW TVS RONIN MIDNIGHT BLUE

tvsronin | tvsmotor.com/tvs-ronin | 1800 315 7666

DIGITAL SPEEDOMETER WITH BLUETOOTH CONNECTIVITY#
#Available in Top Variant.
DUAL-CHANNEL ABS MODES
UPSIDE DOWN FRONT FORKS

LOW ROI AT 5.55%#
DOWN PAYMENT AT ₹11,999#
INSTANT CASHBACK UP TO ₹7500**

*T&C apply. #Finance schemes are mutually exclusive and cannot be clubbed with each other. #Finance will be at the sole discretion of discretion of the financier. #Savings with Low ROI scheme of 5.55%. *Ex-Shoroom price of Ronin SS Lightning black. **Applicable on HDFC & ICICI easy EMI on credit card.

L&T Finance TVS CREDIT Muthoot Finance HDFC BANK We understand your world ICICI Bank

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com

**Authorised Main Dealers: East Delhi:** BINSAR TVS: Durgapuri: 9821271880 Khajuri: 9821258420 Sonia Vihar: 9821260573 Mandoli Extn.: 9821260735 Sherpur Chowk: 8527348216 Zero Pusta, Shastri Park: 9821267418 Bajwa TVS: Krishna Nagar: 8527320253 Geeta Colony: 8527320841 SD TVS: Dilshad Garden: 9821272498 Main pusta road, Gandhi Nagar: 9821268264 G. K. TVS: Laxmi Nagar: 9821271831 Mayur Vihar Phase-3-6366448953 Madhu Vihar: 9821259935 New Ashok Nagar: 6366448954 **North Delhi:** MCR TVS: Saraswati Vihar: 9821266109 Mangolpuri: 9821275868 Ranibagh: 9821274695 Narela: 9821275636 Kirari: 9821274603 Bawana: 9821276084 Karala: 9821276104 Sabharwal TVS: Rithala: 9821259732 Budh Vihar: 9821259748 MOISSANITE TVS, Azadpur: 7600260222 Skyline TVS: Jahangir Puri: 9218039220 Burari: 9218024668 **South Delhi:** OM TVS: Lajpat Nagar: 9821272463 Okhla Industrial Area Phase: 9821261765 Badarpur, Jaitpur: 9821263038 Pulpraladpur: 9821264982 Shine Bagh: 9821266451 Ahinsha TVS: Khanpur: 9821271221 Adchini: 9821268018 Aaya Nagar: 9821267931 Chhatarpur: 9821268194 Mahipalpur: 9821269602 Main railway road: 9311299301 RIDE TVS: Bikaji Cama Place: 011 41706608/ 9582890607 K K TVS: Kapashera: 9821261661 **Central Delhi:** Balaji TVS: Shastri Nagar: 9821271672 Roshanara Road: 9870326061 Shahzada bagh: 6366448959 Sabharwal TVS: Karol Bagh: 9821258099 Tilak Nagar: 8527129911 YM TVS: Dariyaganj: 6366448948 **West Delhi:** Subhash Nagar: 9821276304 Nawada: 9821276377 Dabri More: 9821254451 Outer Ring Road, Vikas Puri: 9821255645 Dynamic TVS: Dwarka: 9821271426 Palam: 9870327342 Ramphal Chowk - Sec-7: 9870327413 Uttam Nagar: 9870327453 K K TVS: Nangloi: 9821271618 Najafgarh: 9821257175 Vikas Nagar: Ranhola: 9821258480 Tikri Kalan: 9821259539 Chanchal Park: 6366448946 Sabharwal TVS: Peeragarhi: 9821271826 Rama Road: 9870328586 Raja Garden: 9821259328 **Faridabad:** OM TVS, Neelam Bata Road: 8928858523 Uttam TVS: 89295925044 **Ballabhagrh:** Royal TVS: 8929592575, **Palwal**: Vardhman TVS: 8929592514 **Gurugram:** Simran Auto: 8928258523, Choudhary TVS: 8929592511 Ahinsa TVS 9311299301 Old Delhi Road: 8929592511 BDTVS: Badshahpur: 8956257928